रांची से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# अलग पहचान

सत्य की उड़ान

रांची, सोमवार 20 जनवरी 2025, वर्ष 10, अंक 367 पृष्ठ 8, मूल्य 5/ रुपया

alagpahchan@gmail.com www.alagpahchan.com

## रांची से रवाना हुई कुंभ स्पेशल रक्षा राज्य मंत्री ने यात्रियों को लगाया तिलक, पुष्प वर्षा




रांची। रांची रेलवे स्टेशन से कुंभ स्पेशल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। सैकड़ों यात्री हर हर महादेव के उद्घोष के साथ कुंभ यात्रा को रवाना हुए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मौजूद रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। संजय सेठ ने कहा कि 144 वर्षों के बाद करोड़ों सनातनियों के जीवन में यह सौभाग्य आया है, जब महाकुंभ में अमृत स्नान का अवसर मिलेगा। रांची से अधिक से अधिक लोग अमृत स्नान कर सकें, इस निमित्त कुंभ स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया गया है। यह महाकुंभ हिंदुत्व की एकता और सनातनी संस्कृति के गौरव का प्रतीक है।

तीर्थराज प्रयाग के महाकुंभ में अधिक से अधिक सनातनी अमृत स्नान कर सकें, इस निमित्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा बहुत ही समुचित और अच्छी व्यवस्था की गई है।

कुंभ यात्रियों की तरफ से रक्षा राज्यमंत्री ने दोनों का आभार प्रकट किया। ट्रेन रवाना होने से पूर्व रांची स्टेशन पर कुंभ यात्रियों को तिलक लगाकर, पुष्प वर्षा कर उनके सुखद और सफल यात्रा की कामना किया। तीर्थयात्री महाकुंभ की यात्रा को लेकर बहुत उत्साहित दिखे। इस अवसर कर रक्षा राज्य मंत्री ने यात्रियों के बीच संताली और हिंदी भाषा में कुंभ की गाइडलाइन से संबंधित पत्रक का भी वितरण किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, रांची के विधायक सीपी सिंह, मंडल रेल प्रबंधक जसमीत सिंह बिंद्रा, सीनियर डीसीएम निशांत कुमार, भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष वरुण साहू पूर्व विधायक रामकुमार पाहन प्रेम कटारुका सतीश सिन्हा संजय जयसवाल अनीता वर्मा मुन्चुन राय सुजीत शर्मा सहित कई गणमान्य लोग और प्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## केंद्र सरकार ने पंजाब के किसान नेताओं को 14 फरवरी को बातचीत के लिए बुलाया




चंडीगढ़ः कई दिनों से चल रहे किसान आंदोलन को लेकर बड़ा अपडेट सामने आ रहा। केंद्र सरकार ने पंजाब के किसान नेताओं को 14 फरवरी को चंडीगढ़ में बातचीत के लिए बुलाया है। पंजाब के किसान नेताओं ने केंद्र की ओर से दिए गए निमंत्रण पर रिएक्ट किया है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए कोई बड़ी जीत नहीं है, लेकिन हम बंद दरवाजा खुलवाने में सफल रहे। उन्होंने आगे कहा कि अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने आखिर तक मेडिकल सहायता लेने से इनकार कर दिया था। हालांकि, अब केंद्र से बातचीत के लिए बुलाने पर किसान नेता उनसे अनुरोध करते रहे, तो उन्होंने डल्लेवाल भी मान गए। उन्होंने कहा कि जो आपको ठीक लगे, वही करें। किसान नेता बोले- हम बंद दरवाजा खुलवाने में सफर रहे किसान नेताओं ने कहा कि पूरी स्थिति को देखते हुए उन्होंने फैसला किया है कि जगजीत सिंह डल्लेवाल के लिए मेडिकल सहायता शुरू की जानी चाहिए। किसान नेता काका सिंह कोटड़ा ने कहा कि हम यह नहीं कह सकते कि यह बड़ी जीत है, लेकिन हम यह कह सकते हैं कि हमने एक कदम आगे बढ़ाया है। हम केंद्र से बैठक करवाने में सफल रहे और हम बातचीत के लिए बंद दरवाजा खुलवाने में सफल रहे।

## 'केजरीवाल ने वादा तोड़ा, लेकिन BJP तो घर छीन लेगी': कचरे के पहाड़ पर जिंदगी- दबकर मरो या बीमारी से



**दिल्ली** 'एक दिन कचरे का ढेर ढह गया। मेरे पति के भाई उसमें दब गए। मेरी सास खूब रोईं, तब से ही बीमार हैं। हमने डर से FIR भी नहीं कराई। पुलिस आती तो काम रुक जाता, बस्ती भी उजाड़ देते। आज तक लाश नहीं मिली। मेरी 4 साल की बेटी भी पेट के इन्फेक्शन से मर गई।' दिल्ली के गाजीपुर में दूर से ही जो कचरे का पहाड़ नजर आता है, उसी के पास बस्ती में रुखसाना रहती हैं। ये रुखसाना की कहानी है। जब वो ये सुना रही होती हैं तो उनकी सास रुकैया बस हमें देखती रहती हैं। लेकिन ये अकेली कहानी नहीं है। पास ही रहने वाली अजमीरा भी लैंडफिल साइट पर कचरा बीनती हैं। गंदगी में रहने की वजह से फेफड़ों में इंफेक्शन हो गया। सांस लेने में तकलीफ है। काम से कोई शिकायत नहीं। बस यहां सुविधाएं न मिलने से नाराज हैं। AAP विधायक से गुस्सा हैं, लेकिन ये भी नहीं चाहती कि BJP आए। कहती हैं, 'BJP आई तो बस्ती उजाड़ देगी। हम कहां जाएंगे।' दिल्ली से निकलने वाला कचरा यहां की 3 लैंडफिल साइट गाजीपुर, ओखला और भलस्वा में जाता है। ये तीनों साइट्स दिसंबर 2024 तक क्लियर की जानी थीं, लेकिन अब ये तारीख बढ़कर दिसंबर 2028 हो गई है। दिल्ली से निकलने वाला कचरा यहां की 3 लैंडफिल साइट गाजीपुर, ओखला और भलस्वा में जाता है। ये तीनों साइट्स दिसंबर 2024 तक क्लियर की जानी थीं, लेकिन अब ये तारीख बढ़कर दिसंबर 2028 हो गई है। दिल्ली में रोज 11 हजार टन कचरा निकलता है। ये कचरा 3 लैंडफिल साइट्स गाजीपुर, ओखला और भलस्वा में जाता है। सिर्फ गाजीपुर में 84 लाख टन कचरा और 3500 टन गंदा पानी जमा है। दिल्ली कचरे से बोझ से दबी जा रही है। इससे होने वाला पॉल्यूशन भी बड़ा मसला है, लेकिन विधानसभा चुनावों में ये कचरा और यहां रहने वाले लोगों की दिक्कतें कोई मुद्दा नहीं हैं।

## एक नजर

### महाकुंभ मेला क्षेत्र सेक्टर 19 में लगी भीषण आग





*प्रयागराज, उत्तरप्रदेश// महाकुंभ मेला क्षेत्र सेक्टर 19 में लगी भीषण आग, 200 से अधिक टेंट जलकर हुए खाक, हालाकि घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, मौके पर NDRF की टीम मौजूद। घटना के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ घटनास्थल पर पहुंचें।

### झारखंड के कोयला कर्मियों को पीएफ पर मिलेगा 7.6 फीसदी ब्याज

*कोयला कर्मियों के भविष्य निधि (पीएफ) पर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 7.6 प्रतिशत ब्याज दर तय की गई है। यह दर पिछले वर्ष की तरह ही बनी रहेगी। हैदराबाद में आयोजित सीएम पीएफओ (कोल माइन्स प्रॉविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन) बोर्ड ऑफ ट्रस्टी की बैठक में इस पर सहमति बनी। इस ब्याज दर को वित्त मंत्रालय की स्वीकृति के बाद पीएफ फंड में जोड़ा जायेगा।*

### अभिनेता सैफ अली खान पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद गिरफ्तार



*अभिनेता सैफ अली खान पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद (जो एक रेस्तरां में वेटर है) को ठाणे से गिरफ्तार किया गया। मुंबई पुलिस के अनुसार, आरोपी मूल रूप से बांग्लादेशी है और अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के बाद उसने अपना नाम बदल लिया था। अभी उसने अपना वर्तमान नाम विजय दास रखा हुआ था। आरोपी विजय दास, बिजॉय दास और मोहम्मद इलियास सहित कई नामों का इस्तेमाल कर रहा था।*

## बहुत उत्साहित हूं... पीएम मोदी के साथ पॉडकास्ट को लेकर फूले नहीं समा रहे फ्रीडमैन



**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पॉडकास्ट की बातचीत में भाग लेना शुरू किया तो उन्हें दुनियाभर से आग्रह मिलने लगे। विख्यात अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन का आग्रह प्रधानमंत्री ने स्वीकार कर लिया है। फ्रीडमैन अब भारत आकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बातचीत करेंगे और वीडियो को अपने यूट्यूब चैनल पर साझा करेंगे। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर इसकी जानकारी दी और कहा कि फरवरी के आखिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनका पॉडकास्ट शूट होगा। फ्रीडमैन ने एक्स पर लिखा, 'मैं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक पॉडकास्ट फरवरी के अंत में करूंगा। मैं पहले कभी भारत नहीं गया, इसलिए मैं अंततः यहां आने और इसकी जीवंत, ऐतिहासिक संस्कृति तथा इसके अद्भुत लोगों के अनेक पहलुओं का यथासंभव अनुभव करने के लिए उत्साहित हूं।'

**नितिन कामत का पॉडकास्ट रहा हिट** पीएम मोदी ने अपना पहला पॉडकास्ट नितिन कामत के साथ शूट किया था। 10 जनवरी को यूट्यूब चैनल पर रिलीज इस पॉडकास्ट को अब तक 40 लाख, 54 हजार से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। बीजेपी ने भी इस पॉडकास्ट को अपने यूट्यूब चैनल पर शेयर किया है जिसे 1.78 लाख से ज्यादा व्यूज मिले हैं। वहीं, प्रधानमंत्री के यूट्यूब चैनल पर इसे अब तक 22 लाख, 84 हजार से ज्यादा व्यूज मिले हैं।

## अब आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर ने बता दिए गोमूत्र के औषधीय गुण

***नई दिल्लीः*** *गोमूत्र के औषधीय गुणों पर देश में कई बार बहस छिड़ चुकी है। इसे लेकर विरोधाभासी दावे होते रहे हैं। कोई गोमूत्र को स्वास्थ्यप्रद बताता है तो कोई इस दावे का मजाक उड़ाता है। अब आईआईटी मद्रास के निदेशक वी. कामकोटि का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है जिसमें वो गोमूत्र के 'औषधीय गुणों' की तारीफ करते दिख रहे हैं। पीटीआई की रिपोर्ट के अनुसार, वीडियो में कामकोटि गोमूत्र के 'जीवाणुरोधी, कवकरोधी और पाचन संबंधी गुणों' (एंटि-बैक्टीरियल, एंटि-फंगल और डाइजेस्टिव प्रॉपर्टीज) का समर्थन करते हुए दिख रहे हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि इसका इस्तेमाल इरिटेबल बाउल सिंड्रोम जैसी बीमारियों के लिए किया जाता है। आईआईटी मद्रास के निदेशक चेन्नै के एक गो-संरक्षण केंद्र में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग ले रहे थे। उन्होंने एक संन्यासी के बारे में एक किस्सा भी सुनाया, जिन्होंने तेज बुखार होने पर गोमूत्र का सेवन किया था। पीटीआई के मुताबिक, संस्थान के सूत्रों ने पुष्टि की है कि कामकोटि ने ये बातें बताई हैं।*

## महज एक फोन कॉल से मिला अहम सुराग, रांची पुलिस ने ब्लाइंड मर्डर केस का किया खुलासा



**रांचीः** रांची के तमाड़ थाना क्षेत्र में बीते वर्ष दिसंबर महीने में अज्ञात अपराधियों ने मधुकम प्लांट के सुपरवाइजर तुम्माला गंगाधर राव की हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद शव को मृतक के बाइक के साथ बांध कर कुएं में डाल दिया गया था। हालांकि पुलिस ने शव बरामद कर लिया और इस हत्या की गुत्थी को सुलझाने में पुलिस जुट गई।

**टेक्निकल सेल की मदद से तीन आरोपी गिरफ्तार** इस मामले में तमाड़ थाना में 7 दिसंबर 2024 को मधुकम प्लांट के मैनेजर ने थाने में सूचना दी गई कि उनका सुपरवाइजर तुम्मला गंगाधर राव लापता है। इसके बाद जिले के एसपी चंदन कुमार सिंह के निर्देश पर ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बुंडू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया और जांच शुरू की गई। टेक्निकल सेल की मदद से इस कांड में शामिल तीनों लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस गिरफ्त में आए विवेक सिंह मुंडा, विजय लोहार और सचिन मुंडा से पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ की तो पूरी वारदात की कहानी सामने आई। पुलिस गिरफ्त में आए अपराधियों ने बताया कि 7 दिसंबर की शाम उन सभी ने सुपरवाइजर से लूटपाट की घटना को अंजाम दिया। इसी दौरान लाठी डंडे से सुपरवाइजर गंगाधर राव की हत्या कर दी गई थी और शव को छुपाने के मकसद से उसकी बाइक के साथ बांधकर कुएं में डाल दिया गया था। हालांकि दूसरे दिन पुलिस ने शव बरामद कर लिया था। इसके बाद लगातार पुलिस की टेक्निकल सेल इन्वेस्टिगेशन कर रही थी। अपराधियों ने मृतक का मोबाइल फोन समेत एटीएम और अन्य सामान भी लूट लिए गए थे। हत्या के कुछ दिन बाद मृतक सुपरवाइजर के लूटे गए मोबाइल से आंध्र प्रदेश में रहने वाले मृतक के भाई से 20 लाख रुपए की मांग की गई। यह पैसे मृतक का पता बताने के लिए मांगा गया था। साथ ही लूट के एटीएम से ट्रांजेक्शन भी किए गए, जिससे टेक्निकल सेल को हत्यारों का क्लू मिला।

## आर्थिक असमानता, सरकार के खिलाफ राहुल गांधी का व्हाइट शर्ट कैंपेन

**नई दिल्लीः** लोकसभा में विपक्ष के सांसद राहुल गांधी ने बीते दिनों लगातार कामगारों के बीच खुद की मौजूदगी दिखाने और उनकी समस्याओं को सुनने की कोशिश की है। ऐसे में दिल्ली चुनाव से पहले कांग्रेस ने राहुल गांधी के नेतृत्व में इस तबके से जुड़े कैंपेन की शुरुआत की है। पार्टी का दावा है कि इस कैंपेन के जरिए विभिन्न सेक्टर में काम कर रहे श्रमिकों को एकजुट किया जाएगा। जिससे कि इस वर्ग को न्याय और अधिकार मिल सके। पार्टी के मुताबिक आर्थिक असमानता और सामाजिक न्याय के मकसद के लिए इस कैंपेन को शुरू किया जा रहा है, जिसे #WhiteTshirtMovement का नाम दिया गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस कैंपेन की जानकारी देते हुए राहुल गांधी ने लिखा है कि, 'मोदी सरकार ने गरीब और मेहनतकश वर्ग से मुंह मोड़ लिया है और पूरी तरह उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया है।' उन्होंने कहा कि कि सरकार का पूरा ध्यान सिर्फ गिने चुने पूंजीपतियों को ही और समृद्ध करने पर है। इस वजह से असमानता बढ़ती जा रही है और खून पसीने से देश को सींचने वाले श्रमिकों की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। राहुल ने इस तबके से इस मूवमेंट से जुड़ने की अपील की है और इसके बारे में जानकारी भी दी है। राहुल गांधी ने इस मुहिम से जुड़ने के लिए एक वेबसाइट और मिस्ड कॉल नंबर भी जारी किया है, जो भी शख्स इस आंदोलन का हिस्सा बनना चाहता है, वह इस वेबसाइट पर जाकर जानकारी ले सकता है या दिए गए नंबर पर मिस्ड कॉल कर सकता है।

**जिंदगी जीने का तरीका** इस पोस्ट पर दिए लिंक से जो जानकारी सामने आती है, उसके मुताबिक पार्टी इस कैंपेन को एक अग्रणी न्याय आंदोलन कह कर ब्रांड कर रही है। इसे एक ऐसे प्लैटफॉर्म की तरह प्रोजेक्ट किया जा रहा है जो विभिन्न क्षेत्रों के श्रमिकों को एकजुट करेगा। पार्टी का कहना है कि जो युवा आर्थिक असमानता, सोशल जस्टिस और धार्मिक भेदभाव के खिलाफ हैं, वो साथ आए और ये व्हाइट टी शर्ट पहन कर आंदोलन से जुड़ें। पार्टी का कहना है कि मौजूदा सरकार के क्रोनी कैपिटलिज्म की ओर झुकाव ने कंपनियों को काफी हद तक अनियमित बना दिया है।



## एचडीएफसी बैंक झारखंड जोन ने राइडर्स म्यूजिक फेस्टिवल का किया आयोजन




रांची/जमशेदपुरः एचडीएफसी बैंक - झारखंड जोन ने रेड एफएम 93.5 एफएम के सहयोग से एक दिवसीय राइडर्स संगीत समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के दौरान झारखंड के बाइकर समुदाय को गंतव्य बिंदु पर नाश्ते के साथ सवारी के लिए आमंत्रित किया गया था, आर.जे निधि ने कुछ दिलचस्प खेलों के साथ बाइक उत्साही लोगों के साथ बातचीत की। जोनल हेड-झारखंड जोन कुमार अभिषेक ने कहा कि हमें इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है, जहां जमशेदपुर के विभिन्न हिस्सों से बाइकर्स को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने यह भी कहा कि इस सर्दी के मौसम में बाइक चलाने वालों की संख्या काफी आश्चर्यजनक है।जमशेदपुर - कार्यक्रम के दौरान क्लस्टर हेड सौरव कुमार के साथ-साथ जमशेदपुर के सभी शाखा प्रबंधक भी उपस्थित थे।

## झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की बैठक में कई कार्यक्रम तय




रांचीः झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमिटि की बैठक रेडियम रोड स्थित होटल आलोका के सभागार में आयोजित की गयी. यह बैठक आगे की रणनीति, कार्यक्रम, नगर निगम/निकाय चुनाव एवं सदस्यता और संगठन विस्तार के लिए रखी गयी थी. बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया. बैठक में विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से तय किया गया कि अब आगामी 23 फरवरी को पतरातू डैम में ही कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर सह मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा. उसके पूर्व 9 फरवरी को खूंटी में केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक का आयोजन किया जायेगा. इस बैठक की तैयारी की जवाबदेही खूंटी जिला प्रभारी राजन चौधरी, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु एवं संगठन महासचिव कृष्णा साहु को दी गयी है. यह भी तय किया गया कि संगठन विस्तार और सदस्यता बढ़ाने के लिए सभी पदाधिकारी अपने- अपने क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित करेंगे और केंद्रीय नेताओं को आमंत्रित करेंगे. केवल दूसरे पदाधिकारी के भरोसे नहीं रहेंगे. बैठक में नगर निगम और निकाय चुनाव पर चर्चा जारी रखने का निर्णय लिया गया, ताकि समय आने पर सही फैसला लिया जा सके.

इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि वैश्य समाज के मुद्दों पर सरकार और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए फिर से संघर्ष का रास्ता अपनाया जायेगा. आगामी विधानसभा सत्र से पहले ओबीसी को 27% आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन आदि मांगों को लेकर अभियान चलाया जायेगा और सरकार को याद दिलाया जायेगा. आप सभी तैयारी में लग जाएं.

बैठक में प्रस्ताव पारित कर पतरातू एनटीपीसी के विस्थापितों के आंदोलन का समर्थन किया गया और सरकार एवं प्रबंधन से विस्थापितों की मांगों पर तत्काल सकारात्मक पहल करने की मांग की गई.

बैठक के अंत में वैश्य मोर्चा के केंद्रीय कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहु की माता पार्वती देवी के निधन पर शोक व्यक्त किया गया और दो मिनट मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई.

इस बैठक में मुख्य रूप से कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल, वरीय उपाध्यक्ष रामसेवक प्रसाद, अश्विनी कुमार साहु, केंद्रीय उपाध्यक्ष सह अधिवक्ता सहदेव चौधरी, परशुराम प्रसाद, केंद्रीय महासचिव दिलीप कुमार, कपिल प्रसाद साहु, संगठन महासचिव कृष्णा साहु, अनिल वैश्य, जगदीश साहु, केंद्रीय सचिव गुड्डु साहा, राजेन्द्र साहु, केंद्रीय सदस्य नरेश साहु, खूंटी जिला प्रभारी राजन चौधरी, महिला मोर्चा की कार्यकारी अध्यक्ष दीपारानी कुंज, युवा मोर्चा के सचिव आदित्य पोद्दार उपस्थित थे. जबकि वर्चुअल रूप से कार्यकारी अध्यक्ष मोहन साव, वरीय उपाध्यक्ष सुरेश साहु, महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेणु देवी ने अपनी सहमति दी.

## अंतरराष्ट्रीय पियरे डी कुबर्टिन कमेटी की स्थापना का 50वीं वर्षगांठ मना



रांचीः लोसाने (स्विटजरलैंड) स्थित ऑलम्पिक म्यूजियम के ऑडिटोरियम में अंतरराष्ट्रीय पियरे डी कुबर्टिन कमेटी की स्थापना का 50वीं वर्षगांठ मनाया गया. इस कमिटि की स्थापना वर्ष 1975 ई० में हुआ था. डॉ. नॉरबर्ट मूलर की अध्यक्षता में यह कमेटी सफलतापूर्वक आगे बढ़ता रहा. वर्तमान अध्यक्ष डॉ. स्टीफन वासॉग, अकादमिक निदेशक, ऑलम्पिक स्टडीज, जर्मन स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी कोलोन दवारा इस कमिटि का संचालन किया जा रहा हैं. यह कमिटि खेल शिक्षा एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में कारय करता है. सर्वप्रथम अध्यक्ष डॉ. स्टीफन वासॉग, अंतरराष्ट्रीय पियरे डी कुबर्टिन कमेटी दवारा स्वागत भाषण एवं इस कमेटी के बारे में परिचयात्मक जानकारी दी गयी. मुख्य रूप से उपस्थित अतिथि आईओसी अध्यक्ष डॉ. थॉमस बाख उपस्थित थे और उनके दवारा CIPC के अच्छे कार्यो के लिये सराहा गया और उनहोंने पूरे CIPC के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कमेटी के सदस्यों को ढेर सारी बधाइयां दी. इस स्थापना दिवस में कई देशों के पूर्व पदाधिकारियों एवं सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया. डॉ. सरोजनी लकड़ा इस कमेटी में वर्ष 2005 में भारत की प्रतिनिधि के रूप में मनोनीत की गयी थी. और उन्होंने कई वर्षो तक अपने कार्यो के अतिरिक्त इस क्षेत्र में कार्य किया. वह इंडियन पियरे डी कुबर्टिन कमेटी की संस्थापक हैं. उन्हें भी ई-मेल के माध्यम से आमंत्रित किया गया था और डॉ. लकड़ा जुम के माध्यम से ऑनलाइन भाग ली. इस दिवस में मुख्य रूप से डॉ. थॉमस बाख, अध्यक्ष आईओसी, डॉ. स्टीफन वासॉग, सीआईपीसी अध्यक्ष, डॉ. इमिलियो, निदेशक, ऑटोनोमस यूनिवर्सिटियों बार्सीलोना, पूर्व महासचिव चापलेट, महासचिव एलिवरा, जूंको. तेहानारा (जपान), डॉ. उमाकांत सिंह, डॉ. दानियल कयवांज (जर्मनी) एवं अन्य अतिथि, पदाधिकारी एवं सदसयगण उपस्थित थे.

## चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ़ इंडिया, रांची शाखा की कार्यकारिणी सदस्यों के लिए चार वर्षीय चुनाव संपन्न




रांचीः दी इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ़ इंडिया, रांची शाखा के वर्ष 2025-29 के कार्यकारिणी सदस्यों के लिए चार वर्षीय चुनाव 17 जनवरी को संपन्न हुई। इस चुनाव में मतदान सुबह आठ बजे से लेकर शाम छह बजे तक हुई जिसमे कुल 1264 चार्टर्ड अकाउंटेंट में से 560 चार्टर्ड अकाउंटेंट ने वोट देकर अपना मताधिकार का प्रयोग किया। वोटों की गिनती 18 जनवरी को हेड ऑफिस द्वारा नामित अधिकारियों के द्वारा देर शाम तक गिनिती किया गया। इंस्टिट्यूट के रांची शाखा के कार्यकारिणी सदस्यों के इस चार वर्षीय चुनाव में कुल 10 प्रत्याशी थे , जिनमे निम्नलिखित प्रत्याशी निर्वाचित घोषित किये गए। इनमें सीए. निशांत मोदी, सीए. अभिषेक केडिया, सीए विवेक खोवाल, सीए अनीश जैन, सीए भुवनेश कुमार ठाकुर, सीए दिलीप कुमार और सीए. हरेन्दर भारती के नाम शामिल हैं। यह चुनाव दी इंस्टिट्यूट ऑफ़ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ़ इंडिया, नई दिल्ली के दिशानिर्देशानुसार इस चुनाव के चुनाव पदाधिकारी और रीजनल कौंसिल सदस्य सीए मनीषा बियानी के देख रेख में संपन्न हुई। इस चुनाव में निर्वाचित सभी नए कार्यकारिणी सदस्यों को इंस्टिट्यूट के रांची शाखा के चेयरपर्सन सीए श्रद्धा बगला ने हार्दिक बधाई देते हुए आशा व्यक्त किया है की इंस्टिट्यूट की रांची शाखा नयी कार्यकारिणी सदस्यों की निर्देशन में चार्टर्ड अकाउंटेंट, सीए के विधार्थियों के उत्तरोत्तर विकास और सामाजिक कार्यों में अपनी महत्वपूर्ण आने वाले वर्षों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## प्रतीक जैन ने संभाला जेसीआई रांची के अध्यक्ष का पदभार




**रांची**ः जेसीआई रांची ने 65वें शपथ ग्रहण समारोह में नए अध्यक्ष प्रतीक जैन और उनकी टीम ने कार्यभार संभाला। रविवार को लालपुर स्थित होटल रेनड्यू में आयोजित में शपथ ग्रहण समारोह में संस्था के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जेसी प्रतीक जैन ने अपनी टीम के साथ शपथ लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने अध्यक्ष प्रतीक जैन और उनकी टीम को शुभकामनाएँ देते हुए जेसीआई को "जूनियर चैंबर इंटरनेशनल" के बजाय "यूथ चैंबर इंटरनेशनल" के रूप में संबोधित किया, जो युवाओं के नेतृत्व और समाज में सकारात्मक बदलाव का प्रतीक है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जेसीआई इंडिया की पूर्व नेशनल प्रेसिडेंट जेसी राखी जैन ने जेसीआई रांची को "मिनी जेसीआई जोन" के रूप में सराहा और इसकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी। उन्होंने नई टीम को समाजसेवा और विकास के लिए प्रेरित करते हुए उनकी योजनाओं की प्रशंसा की। नवनिर्वाचित अध्यक्ष जेसी प्रतीक जैन ने अपनी टीम को संबोधित करते हुए "लीडिंग द चेंज" थीम पर जोर दिया। उन्होंने इस साल समाज के विकास के लिए कई योजनाओं की घोषणा की। जिनमें 50 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप प्रदान करने की योजना प्रमुख है। मंच संचालन का ऋषभ जैन ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में देवेश जैन, तपिश केडिया केशू जैन आदि ने सहयोग दिया। इस अवसर पर जेसीआई रांची के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व सचिव और रांची के प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे। **नई कार्यकारिणी टीम में ये हुए शामिल** सचिव सनी केडिया, उपाध्यक्ष अभिषेक जैन, निशांत मोदी, निखिल अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, साकेत अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष कौशल मुरारका, संयुक्त सचिव सौरभ जालान, प्रवक्ता आदित्य जालान, निदेशक अभिषेक नारनौली, अक्षत अग्रवाल, अमन सिंघानिया, अनीश जैन, अंकित अग्रवाल, अनुभव अग्रवाल, किशन अग्रवाल, मंदीप सिंह, मोहित बागला, निखिल मोदी, नितिन पोद्दार, प्रवीण अग्रवाल, ऋषभ छापरिया, ऋषभ जैन, ऋषभ जालान, ऋषभ सिंघानिया, ऋषि मुरारका, संदीप खेमका, संकेत सरावगी, सौरव नरेडी, सृजन हेतमसरिया।

## राष्ट्रीय पुस्तक मेला में हरिवंश जी की दस किताबों पर संवाद



**रांची**ः स्थानीय जिला स्कूल मैदान में समय इंडिया, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य अभिलेखागार निदेशालय, पटना के संयुक्त तत्वावधान में जारी 10 दिवसीय राष्ट्रीय पुस्तक मेला के तीसरे दिन मेला परिसर में पुस्तक प्रेमियों की गहमा–गहमी रही। रविवार छुट्टी का दिन होने के नाते लोगों ने अपना समय किताबों के संग बिताया। इस अवसर पर शैक्षणिक कार्यक्रमों की ऋंखला में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश जी के 1977 से लेकर 2017 तक अख़बारों में छपे लेखों का संग्रह दस अध्यायों में प्रकाशित पुस्तकों पर संवाद का कार्यक्रम मेला के सभागार मंच पर आयोजित किया किया गया है। संवाद में हरीश चंद्र शर्मा ने कहा कि अशिक्षित लोग सरकारी योजना से पिछड़ते जा रहे हैं परन्तु शिक्षित लोग सरकारी योजना से जुड़ रहे हैं। रवि दत्त वाजपेयी ने श्री परमहंस योगानंद जी की पुस्तक 'योगी कथामृत' पर भी चर्चा की। दयामनी बारला ने कहा कि हरिवंश जी के संपादकीय नेतृत्व में जो भी घटनाएं घटी। उन घटनाओं का यथासंभव दृश्य इन पुस्तकों में दिखाई पड़ता है। अनुज कुमार सिन्हा ने कहा कि इनका जन्म 23 जून यानि हुल दिवस के दिन हुआ। इसका प्रभाव एक सौ वर्ष बाद उनके व्यक्तित्व में पत्रकारिता के रुप में दिखाई पड़ता है। आपने तेवर की पत्रकारिता की।

महादेव टोप्पो ने कहा कि मुझे दो पत्रकारों ने अख़बार में जगह दी- एक बलबीर दत्त जी और दूसरे हरिवंश जी। बलबीर दत्त ने कहा कि हरिवंश पुराण में 25 प्रकरण हैं। हरिवंश जी की पुस्तकों की संख्या भी पचीस हो गई है। इसलिए इसे हरिवंश पुराण का नया संस्करण माना जा सकता है। हरिवंश और विनय भरत से एक लम्बी बातचीत चली। संचालन अनीश अंकुर ने तथा धन्यवाद ज्ञापन चंद्रभूषण जी ने किया। इस अवसर पर डॉ. जे. बी. पाण्डेय, डॉ. विनोद कुमार, अशोक कुमार प्रमाणिक आदि गन्य-मान्य विद्वान उपस्थित रहे।

## चार दिवसीय श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव 13 से 16 फरवरी तक



रांचीः श्री श्याम परिवार रांची द्वारा आयोजित चतुर्थ दिवसीय श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव प्रभु श्री श्याम के आशीर्वाद स्वरुप आगामी 13 से 16 फरवरी 2025 बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। अध्यक्ष श्रवण जलान एवं महामंत्री मंटू जालान की अध्यक्षता में महोत्सव की कमेटी का गठन किया गया, जिसमें प्रकाश दालानियाँ को महोत्सव संयोजक बनाया गया तथा सदस्यों को अलग-अलग विभाग के कार्यभार की जिम्मेदारी दी गई। सभी सदस्यों में अपने विभाग के कार्यभार को सहर्ष स्वीकार किया तथा महोत्सव को सुन्दर एवं भव्य रूप देने के लिए अपनी तरफ से प्रभु श्री श्याम के इस महोत्सव में अपनी सेवा देने का संकल्प लिया। अमित चौधरी ने बताया कि इस शुभ अवसर पर महोत्सव कमेटी द्वारा श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव 2025 के पोस्टर का विमोचन किया गया जिसमें मुख्य रूप से पवन शर्मा, जयदीप राज, पवन लोहिया, राजेश अग्रवाल, भुट्टू सिंह, अजय केडिया आदि श्री श्याम परिवार के कई सदस्य उपस्थित थे।

## गणतंत्र दिवस पर दो वयोवृद्ध नागरिकों को सम्मानित करेगा बहावलपुरी पंजाबी समाज



गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर बहावलपुरी पंजाबी समाज की कार्यकारिणी की बैठक 19 जनवरी, रविवार को सुबह 11:00 बजे हुई। संस्था के अध्यक्ष लक्ष्मण दास मिढ़ा की अध्यक्षता में हुई बैठक में गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को लेकर विचार विमर्श किया गया. 26 जनवरी को कृष्णा नगर कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा मंदिर चौक में सुबह 10:30 बजे झंडोतोलन किया जाएगा. इस समारोह में समाज के मुखी,संस्था के संरक्षक गण, गुरुद्वारा एवं मंदिर कमेटी, गुरु नानक भवन कमेटी, गुरु नानक बाल मंदिर स्कूल कमेटी,गुरुनानक सेवक जत्था, पंजाबी युवा मंच,स्त्री सत्संग सभा,माता गुजरी जत्था, मां भवानी ज्योत मंडल समेत अन्य संस्थाओं के सदस्य भी शामिल होंगे.बैठक का संचालन संस्था के सचिन मुकेश बजाज ने किया. संस्था के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि गणतंत्र दिवस के मौके पर समाज के दो वयोवृद्ध नागरिक श्री हरगोविंद गिरधर और श्री ताराचंद अरोड़ा को सम्मानित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया. साथ ही जानकारी दी कि इस मौके पर समाज के युवा गर्व खीरबाट एवं उनकी टीम के द्वारा देशभक्ति गीत की रंगारंग प्रस्तुति की जाएगी. बैठक में लक्ष्मण दास मिढ़ा, वेद प्रकाश मिढ़ा, मुकेश बजाज, ललित किंगर, नरेश पपनेजा,अश्विनी सुखीजा, मोहन खीरबाट, कामराज खत्री, प्रमोद चूचरा, महेश कुक्कड़, सुशील पपनेजा तथा जितेंद्र मुंजाल उपस्थित थे.

## हरमू हाउसिंग कॉलोनी में लगा स्वास्थ्य जांच शिविर



**रांची**ः झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची,आशा महिला समिति हरमू एवं रांची सिटीजन फोरम के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन हरमू हाउसिंग कॉलोनी स्थित मनोकामना पूर्ति छठ घाट के समीप ज्ञान रश्मि हाई स्कूल, हरमू रांची में किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में 200 लोगों का निःशुल्क ब्लड प्रेशर, शुगर,जेनरल रोग जांच,नेत्र रोग जांच,हियरिंग (कान)जांच,एवं दांत जांच किया गया। इस मिशन का लक्ष्य है कि शहर से लेकर गांव तक सभी जगहों पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवम रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाए। ताकि कोई भी व्यक्ति स्वास्थ्य लाभ से वंचित न रहे।इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में झारखंड स्वास्थ्य मिशन, रांची के अध्यक्ष संतोष सोनी, रांची सिटीजन फोरम के अध्यक्ष दीपेश निराला, उपाध्यक्ष उमा शंकर सिंह, सचिव रेणुका तिवारी, सह सचिव हरीश नागपाल और एस मृदुला, कोषाध्यक्ष विनोद बेगवानी, राजेंद्र कुमार, जितेंद्र कुमार सिंह एवं आशा महिला समिति हरमू के अध्यक्ष सुमित्रा किस्कू, आशा देवी, ब्रतती मिश्रा,निशा, बेबी कुमारी, ममता देवी, उर्मिला देवी, बालमति कुमारी, सोमरी देवी,सविता कुमारी,अंकिता कुमारी, उर्शिला कुमारी, रतनी उराइन,किरण मिश्रा, इलिसबा तिर्की,बिंदु कच्छप,का योगदान रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में इरबा स्थित मेदांता हॉस्पिटल के डॉ प्रतिमा,मुकुंद मिश्रा, पुतुल कुमारी, वंदना लकड़ा,सेंटर फॉर साइट आई हॉस्पिटल के डॉ नौशाद, रंजन सिंह,निशु कुमारी, भरत ऑप्टिकल्स के विशाल कुमार,आनंद कुमार,हरमू स्थित स्माइल डेंटल क्लिनिक के डायरेक्टर डॉ अभय कुमार, डॉ प्रियंकेश कुमार, कविता कुमारी,बरियातू स्थित हियर जैप क्लिनिक के अनुरंजन कुमार,अनीश कुमार,इत्यादि का सहयोग रहा।

## श्री राधा- कृष्ण मंदिर में श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता



**रांची**ः पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम मे भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया की 10 हजार से भी ज्यादा श्रद्धालुओं ने सेवा धाम में बने भगवान श्री राधा- कृष्ण मंदिर के दर्शन किए। दिन-भर श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम परिसर में स्थापित श्री राधा कृष्ण मंदिर दरबार हॉल मे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। मंदिर परिसर मे दोपहर मे 2 घंटे तक भक्तगणो ने पूरे भक्तिभाव से भजन- कीर्तन कर पूरे वातावरण को भक्तिमय एवं कृष्णमय बना दिया। तथा दरबार मे सुमधुर भक्ति भजनों में खूब झूमे।

दरबार के शीश महल में विराजमान भगवान श्री राधा -कृष्ण मंदिर, श्रीमद् भागवत गीता ग्रंथ, भगवान का वस्त्र, मोर मुकुट, मुरली की पूजा अर्चना किया जा रहा है। दरबार में श्री कृष्ण की जन्म से लेकर महाभारत तक की झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। सेवा- धाम मे झारखंड के विभिन्न जिलों एवं दूसरे राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

## दो फरवरी को मनेगा श्री श्याम मंदिर का 20वां स्थापना दिवस



रांचीः श्री श्याम मण्डल , रांची द्वारा निर्मित अग्रसेन पथ स्तिथ श्री श्याम मन्दिर का 20वां स्थापना दिवस दो फरवरी दिन रविवार 2025 को अत्यन्त धूम धाम के साथ आयोजित किया जा रहा है। पूरे मन्दिर की साफ सफाई साज - सज्जा विगत कई दिनों से कार्य हो रहा है साथ ही इस खास अवसर पर पूरे मन्दिर परिसर को रंग बिरंगी विद्युत की रंगीन लड़ियों के साथ रंगीन बैलून तथा फूलों आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है । श्री श्याम मन्दिर के 20वें स्थापना दिवस पर सर्व प्रथम 2 फरवरी 2025 को हरमू रोड स्थित गौ शाला में प्रातः 8:30 बजे से गौ पूजन एवम गौ सेवा के साथ कायक्रम का शुभारम्भ किया जायेगा। दो फरवरी 2025 दोपहर 11:30 बजे से मंदिर के निकट शीतल कॉम्प्लेक्स के पार्किंग स्थल पर विशाल श्री श्याम भंडारा का आयोजन होगा जिसमें सैकड़ों भक्तगण श्याम प्रभु का पूर्ण प्रसाद ग्रहण करेंगे। 2 फरवरी को मुख्य कार्यक्रम का शुरुआत अपराह्न 4:30 बजे से रात्रि 8 बजे तक श्री श्याम मन्दिर में होगा जिसमें श्री श्याम प्रभु का नैनाभीराम श्रृंगार , दर्शन , अखण्ड ज्योत व संगीतमय संकीर्तन का आयोजन होगा। इस अवसर पर जयपुर से प्रसिद्ध भजन गायक श्री प्रेम सोनी अपने मधुर स्वर से श्री श्याम प्रभु को भजनों द्वारा रिझाने पधार रहे हैं ।


## मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में फेराटो डेफी 22 लॉन्च



**रांची**ः ईवी मोबिलिटी के क्षेत्र में ओपीजी जिसका पहले नाम ओकाया ईवी के नाम से जाना जाता था जो आज भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में बहुप्रतीक्षित फेराटो डेफी 22 को पेश किया। कंपनी ने भविष्य की एक झलक पेश कीए जहां मोबिलिटी को अधिक टिकाऊ नवोन्मेषी और भारतीय के लिए डिजाइन किया गया है। डेफी 22 के लिए प्री.बुकिंग 17 जनवरी 2025 से शुरू होगी। एक्सपो में फेराटो डेफी 22 को लेकर अंशुल गुप्ता मैनेजिंग डायरेक्टर ओपीजी मोबिलिटी ने कहा हम इस स्टाइलिश स्कूटर से काफी उत्साहित हैं जो भारतीयों को दैनिक यात्रा का एक शानदार अनुभव प्रदान करेगा। ग्राहकों की विविध जरूरतों के अनुकूल हम ओपीजी मोबिलिटी में सुरक्षा और मजबूती को सुनिश्चित करते हुए इन्नोवेटिव उत्पादों को पेश करने में भरोसा रखते हैं।

## क्विक कॉमर्स और लोकल दुकानदार के बीच समानता लाई जायः संजय अखौरी

रांचीः रोजमर्रा के उपयोग में आनेवाली वस्तुओं की छोटी और किफायती पैक क्विक कॉमर्स प्लेटफार्म को सप्लाई नहीं करने की एफएमसीजी कम्पनियों द्वारा बनाई जा रही योजना का स्वागत करते हुए जेसीपीडीए ने इसे स्थानीय खुदरा दुकानदारों के लिए जरुरी कदम बताया। जेसीपीडीए के अध्यक्ष संजय अखौरी ने कहा कि स्थानीय स्तर पर व्यापार कर रहे व्यापारियों के हित में इस निर्णय का शत प्रतिशत अनुपालन जरुरी है। उन्होंने क्विक कॉमर्स कम्पनियों द्वारा दिए जानेवाले डिप डिस्काउंटिंग का विरोध करते हुए कहा कि हम ई कॉमर्स के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन हम निष्पक्ष व्यापार प्रथाओं और सभी खुदरा विक्रेताओं के लिए समान अवसर की मांग करते हैं।पिछले कुछ महीनों में, हमने त्वरित ई कॉमर्स प्लेटफार्मों द्वारा शिकारी मूल्य निर्धारण और भारी छूट प्रथाओं का एक खतरनाक




रुझान देखा है। ये प्रथाएं "न केवल स्थापित वितरण नेटवर्क की अखंडता को कमजोर करती हैं, बल्कि मूल्य निर्धारण के संबंध में अवास्तविक उपभोक्ता अपेक्षाएं पैदा करके ब्रांड मूल्य को भी नष्ट करती हैं। सरकार को इस मामले में त्वरित हस्तशेप करना चाहिए। डिस्ट्रीब्यूटर और खुदरा विक्रेता इन अनुचित मूल्य निर्धारण मॉडल का खामियाजा भुगत रहे हैं"

श्री अखौरी ने यह भी कहा कि ई-कॉमर्स कंपनियां अत्यधिक छूट देकर कानूनों और नियमों का उल्लंघन करती हैं. इन छूटों से बाज़ार की प्रतिस्पर्धा बिगड़ती है और छोटे खुदरा विक्रेताओं को नुकसान होता है. इन छूटों से सरकार को नुकसान होता है और कर चोरी होती है. ये छूट निष्पक्ष व्यापार और मूल्य निर्धारण को नियंत्रित करने वाले नियमों का उल्लंघन करती हैं।

जेसीपीडीए ने इस मामले में ऑल इंडिया कज्यूमर प्रोडक्ट डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन का समर्थन करते हुए कहा कि आज हमारे व्यापार पर मॉडर्न ट्रेड, ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स कम्पनियों ने जो चुनोती खड़ी की है उससे लोकल व्यापार संकट में आ गया है। इस चुनौती का सामना कोई भी लोकल व्यापार या व्यापारी अकेले नही कर सकता।

## सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम में अन्नपूर्णा भंडारा आयोजित



रांचीः श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम मे स्थित सदगुरु कृपा अपना घर आश्रम (सत्य-प्रेम सभागार)में प्रभु जी का एवं उनकी सेवा करने वाले सेवा साथियों का अन्नापूर्णा भंडारा सुरेंद्र बडजात्या एवं किरण देवी बड़जात्या के सानिध्य में उनके भतीजे श्रेयांस बड़जात्या पुत्रवधु प्रियंका बडजात्या, नम्रता जालान के द्वारा संचालित किया गया। अपना घर आश्रम मे मानसिक रूप से कमजोर एवं निराश्रित और दिव्यांग प्रभु जी की सेवा की जाती है यहां उन्हें आश्रय दिया गया है तथा भोजन, इलाज की निःशुल्क व्यवस्था की गई है।

अभी इस अपना घर में 32 जरूरतमंदों की सेवा की जा रही है। उक्त

# झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की बैठक आयोजित कई कार्यक्रम तय, प्रस्ताव भी पारित

रांची के रेडियम रोड़ स्थित होटल आलोका के सभागार में झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की कोर कमिटि की बैठक आयोजित की गयी. यह बैठक आगे की रणनीति, कार्यक्रम, नगर निगम/निकाय चुनाव एवं सदस्यता और संगठन विस्तार के लिए रखी गयी थी. बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया. बैठक में विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से तय किया गया कि अब आगामी 23 फरवरी को पतरातू डैम में ही कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर सह मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा. उसके पूर्व 9 फरवरी को खूंटी में केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक का आयोजन किया जायेगा. इस बैठक की तैयारी की जवाबदेही खूंटी जिला प्रभारी राजन चौधरी, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु एवं संगठन महासचिव कृष्णा साहु को दी गयी है. यह भी तय किया गया कि संगठन विस्तार और सदस्यता बढ़ाने के लिए सभी पदाधिकारी अपने- अपने क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित करेंगे और केंद्रीय नेताओं को आमंत्रित करेंगे. केवल दूसरे पदाधिकारी के भरोसे नहीं रहेंगे. बैठक में नगर निगम और निकाय चुनाव पर चर्चा जारी रखने का निर्णय लिया गया, ताकि समय आने पर सही फैसला लिया जा सके.

इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि वैश्य समाज के मुद्दों पर सरकार और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए फिर से संघर्ष का रास्ता अपनाया जायेगा. आगामी विधानसभा सत्र से पहले ओबीसी को 27% आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन आदि मांगों को लेकर अभियान चलाया जायेगा और सरकार को याद दिलाया जायेगा. आप सभी तैयारी में लग जाएं.

बैठक में प्रस्ताव पारित कर पतरातू एनटीपीसी के विस्थापितों के आंदोलन का समर्थन किया गया और सरकार एवं प्रबंधन से विस्थापितों की मांगों पर तत्काल सकारात्मक पहल करने की मांग की गई.

# एकल अभियान का तीन दिवसीय संभाग स्तरीय प्रतियोगिता



**रांची**: जीवन में खेल-कूद सबसे ज्यादा जरूरी है। इससे जीवन से जूड़ी सारी समस्याओं का समाधन मिलता है। तमाम तनाव स्वतः भूल जाते है। पढ़ाई के साथ-साथ खेल बहुत ही आवश्यक है। पढ़ाई के साथ खेल खेलने से सोच में साकारात्मक बदलाव आता है।

उक्त बातें टाटा स्टील के स्वतंत्र निदेशक आई.एस.ए. अधिकारी प्रमोद अग्रवाल ने कहा। श्री अग्रवाल रविवार को मारवाड़ी आरोग्य भवन-1 में आयोजित एकल अभियान, दक्षिण झारखंड संभाग के तीन दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि खेल सबसे ज्यादा जरूरी है पढ़ाई से भी ज्यादा खेल कूद जरूरी है। खेल खेलने से निरागीकाया मिलती है श्री अग्रवाल ने कहा कि पूरे देश में एकल लाख एकल विद्यालय चल रहे है। इसकी सबसे बड़ी हैं बल्कि एकल अभियान के सेवाव्रती कार्यकर्ता और समिति कार्यकताओं का कमीटमेंट ज्यादा महत्वपूर्ण होता है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि केन्द्रीय विश्वविद्यालय झारखंड रांची के कुलपति क्षिति भूषण दास जय जगन्नाथ का उदघोष लगाते हुए कहा कि जगन्नाथ की जनजातियों के देवता है। वर्तमन समय में सारे प्रतिभाओं के बावजूद विकास की संभावनाएं नहीं दिखाई पड़ता है। लेकिन एकल अभियान ऐसा अभियान कि प्राप्त प्रतिभाओं के विकास के अवसर से शिखर पर पहुँच सकते है। मानसिक एवं शारीरिक विकास के बीच बहुत ही अच्छा समन्वय एकल अभियान के द्वारा किया जा रहा है।

कुलपति क्षिती भूषण दास ने कहा कि केवल 12 से 14 घंटे तक सिर्फ पढ़ने से सम्पूर्ण विकास नहीं होता है। न तो पूरा ज्ञान ही प्राप्त होता है। शारीरिक करने से, खेलने से मानसिक एवं ज्ञान ही प्राप्त होता है। शारीरिक करने से खेलने से मानसिक एवं शारीरिक समन्वय बेहतर होता है जिससे सम्पूर्ण विकास होता है। इस अवसर पर एकल अभियान के केन्द्रीय अभियान प्रमुख डा. ललन कुमार शर्मा ने कहा कि पुरे देश में एक लाख दो हजार एकल विद्यालय का प्रकल्प ग्रामीण क्षेत्रों मे चल रहा है। एकल अभियान को भारत का सर्वोत्तम पुरस्कार गांधी शांति पुरस्कार मिल चुका है। एकल को अनोखा बताते हुए डा. शर्मा ने कहा कि गांव के विकास के लिए लगभग एक लाख नगरीय बंधु सक्रिय है। 60 लाख ग्रामीण सदस्य है। एकल अभियान से एक करोड़ लोग एक साथ जुड़े है।इस अवसर पर वर्ष 2025 की ग्लोबल जनजातीय क्वीन पूजा लकड़ा ने कहा कि अपने दिल के अन्दर अपने संकल्प कितना मजबूत है वह ज्यादा महत्वपूर्ण है। दिल के अन्दर जिनता दृढ़ संकल्प होता है। उतना अधिक सफलता मिलती है।

उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं धन्याज्ञापन की प्रभाग संरक्षिका रेखा जैन ने किया। स्वागत भाषण एकल अभियान दक्षिण झारखंड के संभाग अध्यक्ष श्री मुकेश कुमार तथा मंच संचालन संभाग उपाध्यक्ष बविता जालान ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में एकल गीत एवं कार्यक्रम को समापन शालिनी सचदेवा के द्वारा वंन्देमातरत से किया गया। उदघाटन कार्यक्रम में एकल अभियान के सुनीता महनसरिया, अंचल किंगर, सुमन मिनोचा, विजय आजमनी, सिद्धार्थ सचदेवा, विशेष केडिया, अमरेन्द्र विष्णुपुरी, बाबूलाल गोप आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

# मंच कार्यक्रम का अतिथियों को बुके व शाल ओढ़ाकर शुभारंभ किया गया



**बुढ़मू**: प्रखंड के आरिद स्थित प्रोजेक्ट भवन में जनता जागृति विकास केंद्र में रविवार 2 बजे 10वीं वरिष्ट प्रशिक्षक महा सम्मेलन 2025 का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि सेवानिवृत पुलिस उपाधिक्षक मुकुटधारी महतो, संस्था के केंद्रीय अध्यक्ष अजय नारायण प्रसाद एवं उपाध्यक्ष गीता देवी का स्वागत मुख्य द्वार से मंच तक बैंड बाजों के साथ किया गया। और मंच का उद्घाटन फिता काटकर विधिवत किया गया। वहीं मंच कार्यक्रम का अतिथियों को बुके व शाल ओढ़ाकर शुभारंभ किया गया। सम्मेलन में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी झारखंड, बिहार सहित अन्य राज्यों से संस्था के पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं के द्वारा सम्मेलन को सफल बनाया गया। इस दौरान सम्मेलन में केंद्रीय अध्यक्ष अजय नारायण प्रसाद अपने संबोधन में कहा यह संस्था जिसका नाम जनता जागृति विकास केंद्र है। वैसे कार्यों से बेरोजगारों को रोजगार और ग्रामीणों को शिक्षा से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाते हुए। आज सफलता के 10 वर्ष पुरा कर लिया है। यह संस्था ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर सभी समुदाय को लेकर चलते हुए नगर व महा नगर में अपना पहचान बना लिया है। साथ ही जनता जागृति विद्यालय के द्वारा ग्रामीणों के बच्चों को उच्च स्तरिये शिक्षा दे रही है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने आम जन, समर्थकों के साथ बूथ स्तर पर सुनी प्रधानमंत्री के मन की





रांची। प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रांची महानगर के बरियातू मंडल में कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मन की बात, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एवं निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष सांसद दीपक प्रकाश हरमू मंडल में कार्यक्रम को सुना। प्रदेश के अलग अलग स्थानों पर पार्टी के प्रदेश,जिला मंडल के पदाधिकारी,सांसद,विधायकगण एवं कार्यकर्ता हुए शामिल प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा... एक भारत श्रेष्ठ भारत की गाथा है मन की बात....बाबूलाल मरांडी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रेडियो दूरदर्शन से प्रत्येक माह अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाला लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण हुआ। इस माह अंतिम रविवार को गणतंत्र दिवस होने के कारण इसे माह के तीसरे रविवार को ही प्रसारित किया गया।पार्टी द्वारा यह कार्यक्रम बूथ स्तर पर सुनने की व्यवस्था की जाती है जहां पार्टी के प्रदेश , जिला,मंडल ,बूथ स्तर के पदाधिकारी ,कार्यकर्ता एवं सांसद,विधायक गण,जनप्रतिनिधि आम जन के साथ लोकप्रिय कार्यक्रम को सुनते हैं।झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रांची महानगर के बरियातू मंडल मे, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह,निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश हरमू मंडल में कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए,प्रधानमंत्री जी के संबोधन को सुना। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम को राजनीतिक संबोधन नहीं बल्कि यह एक भारत , श्रेष्ठ भारत की गाथा है। विविध क्षेत्रों की महत्वपूर्ण जानकारियों से परिपूर्ण यह संविधान आम जन को प्रेरित करता है।

# 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता अंतर्गत अंडर 19 बालक-बालिका वर्ग टेनिस प्रतियोगिता का समापन









**रांची**। 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता अंतर्गत अंडर 19 बालक-बालिका वर्ग टेनिस प्रतियोगिता का आज समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में झारखंड की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया है। प्रतियोगिता के बालक वर्ग में हरियाणा की टीम विजेता और महाराष्ट्र की टीम उपविजेता बनी। बालिका वर्ग में तेलंगाना की टीम विजेता और दिल्ली की टीम उपविजेता बनी। अंडर 19 बालक वर्ग साइकिलिंग प्रतियोगिता में तेलंगाना के गुंडाबड़िन्ना साईं चरण यादव को स्वर्ण पदक, असम के रूपज्योति को रजत पदक और राजस्थान के हरी प्रकाश को कांस्य पदक मिला है। बालिका वर्ग अंडर 19 साइकिलिंग प्रतियोगिता में महाराष्ट्र की आकांक्षा को स्वर्ण पदक, महाराष्ट्र के ही आशावरी रजवाने को रजत पदक और असम की देवी चबुकधारा को कांस्य पदक मिला है। अंडर 17 बालक वर्ग साइकिलिंग प्रतियोगिता में मणिपुर के युमनाम सुशिल सिंह को स्वर्ण पदक, झारखंड के अर्जुन कुमार को रजत पदक और दिल्ली के नरेनगबम सिंह को कांस्य पदक मिला है। अंडर 17 बालिका वर्ग साइकिलिंग प्रतियोगिता में पंजाब की प्रभजोत कौर को स्वर्ण पदक, महाराष्ट्र की गायत्री को रजत पदक और तमिलनाडु की जय ज्योत्सना को कांस्य पदक मिला है। अंडर 14 बालक वर्ग प्रतियोगिता में मणिपुर के नरेनगबम सिंह को स्वर्ण पदक, मणिपुर के ही चुंगखम को रजत पदक और तमिलनाडु के मनीष को कांस्य पदक मिला है। अंडर 14 बालिका वर्ग साइकिलिंग प्रतियोगिता में राजस्थान की दीक्षा को स्वर्ण पदक, पंजाब की पलकप्रीत कौर को रजत पदक और महाराष्ट्र की दन्यानेश्वरी को कांस्य पदक मिला है।

**साइकिलिंग में झारखंड का शानदार प्रदर्शन, दोनों वर्गों में जीते तीन पदक**

अंडर 19 साइकिलिंग (ट्रैक) प्रतियोगिता में झारखंड का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है। अंडर 19 बालिका वर्ग साइकिलिंग में झारखंड की संजू कुमारी, सिंधु लता हेम्ब्रम और तारा मिंज को रजत पदक मिला है। अंडर 19 बालक वर्ग साइकिलिंग में झारखंड के दीपक उरांव, ऋतिक मिंज और सुशांत उरांव को कांस्य पदक मिला है। अंडर 19 बालक वर्ग साइकिलिंग प्रतियोगिता में राजस्थान के दिनेश गट, हरी प्रकाश और शिवरतन को स्वर्ण पदक, महाराष्ट्र के हरीश, रविराज और समरजीत को रजत पदक मलिा है। झारखंड को तीसरे स्थान पर कांस्य पदक मिला है। अंडर 19 बालिका वर्ग साइकिलिंग प्रतियोगिता में महाराष्ट्र की आशावरी, आकांक्षा और प्रेरणा को स्वर्ण पदक, तमिलनाडु की जे निरायिमथी और टी कार्थियायनी को कांस्य पदक मिला है। इस प्रतियोगिता में झारखंड दूसरे स्थान पर रहा और राज्य को रजत पदक प्राप्त हुआ है। अंडर 17 बालक वर्ग साइकिलिंग प्रतियोगिता में झारखंड के अर्जुन कुमार को रजत पदक मिला है।

**अंडर 19 लॉन टेनिस एकल प्रतियोगिताओ में दिल्ली और महाराष्ट्र का दबदबा**

अंडर 19 लॉन टेनिस एकल प्रतियोगिताओ में दिल्ली और महाराष्ट्र की टीम का दबदबा रहा। अंडर 19 बालिका वर्ग एकल लॉन टेनिस प्रतियोगिता में दिल्ली की याशिका को स्वर्ण पदक, दिल्ली की ही कुमकुम को रजत पदक और दिल्ली की ही दिव्या को कांस्य पदक प्राप्त हुआ है। अंडर 19 बालक वर्ग एकल लॉन टेनिस प्रतियोगिता में CISCE के मन्नान अग्रवाल को स्वर्ण पदक, महाराष्ट्र के ओमकार शिंदे को रजत पदक और महाराष्ट्र के ही लक्ष्य को कांस्य पदक मिला है।

**झारखंड के विजेताओं को दी बधाई और शुभकामनाएं** मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन, माननीय विभागीय मंत्री श्री रामदास सोरेन, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता सचिव श्री उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक श्री शशि रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी श्री धीरसेन सोरेंग समेत खेल कोषांग के अन्य पदाधिकारियों ने टेनिस और साइकिलिंग (ट्रैक) प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले झारखंड के खिलाड़ियों को पदक जीतने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# रांची पुलिस ने सुपरवाइजर गंगाधर राव हत्याकांड का किया खुलासा



रांची : रांची पुलिस ने तमाड़ थाना क्षेत्र में हुई एक हत्याकांड का पर्दाफाश करते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। रविवार को ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने प्रेस वार्ता कर घटना की पूरी जानकरी दी। ग्रामीण एसपी ने बताया कि मधुकम प्लांट के सुपरवाइजर की हत्या की गई थी। सुपरवाइजर गंगाधर राव की हत्या 7 दिसंबर कर दी गई थी। हत्या के बाद को शव को कुएं से बरामद किया गया था। बता दें कि गंगाधर राव पिछले वर्ष 7 दिसंबर से लापता थे।

ग्रामीण एसपी ने बताया कि पुलिस ने हत्यारों की पहचान और गिरफ्तारी में टेक्निकल सेल की मदद ली। गिरफ्तार आरोपियों में विवेक सिंह मुंडा, बिजय लोहार और सचिन मुंडा शामिल हैं। प्रारंभिक जांच में पता चला कि गंगाधर राव की हत्या पैसे लूटने के विवाद में की गई थी। अपराधियों ने हत्या के बाद मृतक के ATM से डेढ़ लाख रुपये निकाले थे। इसके बाद, उन्होंने मृतक के भाई से 20 लाख रुपये की फिरौती की मांग करने के लिए मैसेज भेजे थे। इस घटना के खुलासे से यह स्पष्ट हुआ कि अपराधियों ने पूरी वारदात को बहुत योजनाबद्ध तरीके से अंजाम दिया। पुलिस की ओर से आगे की जांच जारी है।

# निषेध अभियान के तहत पोस्ता का खेती करने वालों के विरूद्ध छापामारी



विगत कई माह से पुलिस अधीक्षक, सरायकेला-खरसावां के निर्देशानुसार अफीम की अवैध खेती एवं विक्रय निषेध अभियान के तहत अवैध अफीम / पोस्ता का खेती करने वालों के विरूद्ध छापामारी एवं अफीम / पोस्ता पौधा का विनष्टीकरण अभियान चलाया जा रहा था। दिनांक-15.01.2025 को वरीय पदाधिकारी को सूचना प्राप्त हुई कि दलभंगा ओ०पी० अंतर्गत बीजार, कुदाडीह, मेरोमजंगा, बारूहातु, टोला-लिपीजारी, गुटुहातु, गोमेयाडीह एवं अगल-बगल के पहाड़ी क्षेत्र में अवैध अफीम / पोस्ता का खेती किया गया है। इस सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित छापामारी दल के द्वारा बीजार गांव में कुल-2.70 एकड़, कुदाडीह में कुल 2.0 एकड़, बारूहातु, टोला-लिपिजारी में 0.6 एकड़, कुल-5.3 एकड़ जमीन में लगे अवैध अफीम / पोस्ता की खेती को विनष्ट किया गया। छापामारी दल के द्वारा अफीम / पोस्ता खेती में संलिप्त 1. सुरेन्द्र सिंह मुण्डा, उम्र करीब 27 वर्ष, पिता-स्व० मोहर सिंह मुण्डा, सा०-बिजार, एवं सुखराम मुण्डा, उम्र करीब 32 वर्ष, पिता-बाऊ सिंह मुण्डा, सा०-बारूहातु, टोला-लिपीजारी, दोनों थाना-कुचाई (दलभंगा ओ०पी०), जिला-सरायकेला खरसावां को विधिवत गिरफ्तार किया गया एवं एक मोटरसाईकिल सं0-JH22F3727 भी बरामद किया गया।

# शोकाकुल परिवार से मिले सुखदेव भगत



चान्हो : थाना क्षेत्र के करकट गांव निवासी बीती शुक्रवार को सुबह-सुबह तिरु फॉल में दो सगे भाईयों समेत 3 युवक डूब गए थे। तीनों की मौत हो गई थी। इसकी जानकारी मिलने पर सांसद सुखदेव भगत ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ करकट गांव पहुंचकर शोकाकुल परिवार से मुलाकात करते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की। भगत ने पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन भी दिया। मौके पर गयस मियां समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# चोरी कर रहे एक व्यक्ति को रंगे हाथ पकड़ा



**रांची**। एक व्यक्ति हसीब अंसारी उम्र 33 वर्ष पिता इस्लाम अंसारी ग्राम माससमानो थाना chanho जिला रांची को गिरफ्तार किया गया। जिसके आलोक में chanho थाना कांड संख्या 10/25 दिनांक 18/01/25 धारा 334(1)/303(2) bns दर्ज किया गया है तथा उसके निशानदेही पर chanho थाना कांड संख्या 09/25 में चोरी गए सामानों को बरामद किया गया है।



हजारीबाग जिले के बड़कागांव थाना क्षेत्र के लुरूंगा गांव में अवैध कोयला निकालने के दौरान खदान में धंसकर दो लोगों की मौत

# अवैध अफीम खेती के खिलाफ अभियान



*खूंटी। अवैध अफीम खेती के खिलाफ अभियान चलाकर खूँटी थाना क्षेत्र के चितरामु,ज़िक्की,टकरा में 12.5 एकड़,मुरहू थाना अंतर्गत ग्राम सिद्दू में करीब 33 एकड़,सोयको थाना अंतर्गत ग्राम सेकरे में करीब 15 एकड़,अड़की थाना अंतर्गत ग्राम रायतोड़ांग, दुदूपीढ़ी में करीब 25 एकड़, मारंगहादा थाना क्षेत्र के कुड़माडीह,बूढ़ाडीह,हाटिंगचौली में करीब 15 एकड़ जिले में करीब 100.5 एकड़ में लगे अवैध अफीम की खेती को विनष्ट किया गया ।

# अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया

दिनांक-13.01.25 चाण्डिल थाना अन्तर्गत कल्पना स्टुडियों में घुस कर अज्ञात अपराध कर्मियों द्वारा स्टुडियों के मालिक दिलीप गोराई को गोली मारकर भाग गये थे। कल्पना स्टुडियों मालिक दिलीप गोराई का ईलाज के क्रम में TMH अस्पताल में मृत्यु हो गया था। काण्ड के उद्धभेदन हेतू पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी चाण्डिल के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। टिम के द्वारा तकनिकी एवं मानवीय आसूचना के आधार पर काण्ड का उद्धभेदन किया गया जिसमें पाया गया कि मृतक दिलीप गोराई की पहली पत्नी पूर्णिमा गोराई के छोटा बेटा राकेश गोराई के द्वारा अपने पिता की हत्या करने का षड्यंत्र रचा गया था। राकेश गोराई के द्वारा अपने रिस्ते में भांजे सुमित सोलंकी को 65000-/ (पैंसठ हजार) रुपया की सुपारी देकर हत्या करने का षड्यंत्र किया गया। सुमित सोलंकी द्वारा अपने सहयोगी कैलाश कर्मकार के साथ मिलकर दिनांक-13.01.2025 को कल्पना स्टुडियो चाण्डिल में घुस कर दिलीप गोराई की गोली मारकर हत्या की गई थी घटना में संलिप्त तिनों अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया तथा काण्ड में शामिल अन्य सहयोगी के विरुद्ध एवं घटना में प्रयुक्त पिस्तोल की बरामदगी हेतू छापामारी एवं अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

# अवैध अफीम की खेती से होने वाले हानि के बारे में जागरूक किया





खूंटी। अनुमंडल पदाधिकारी खूँटी के नेतृत्व में अड़की ब्लॉक परिसर में झालसा द्वारा आयोजित सभा में महिला स्वयं सहायता समूह भिन्न भिन पंचायत से आये प्रतिनिधि, मुखिया,महिला / पुरुष के साथ अवैध अफीम की खेती से होने वाले हानि,कानूनी,डायल 112, सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक किया गया ।
• सोयको थाना अन्तर्गत ग्राम रोंगो में अवैध अफीम की खेती नही करने एवं अफीम विनिष्टिकरण को लेकर जगरूकता अभियान चलाया गया ।

# विभिन्न थाना क्षेत्र में करीब 10.5 एकड़ अवैध अफीम की खेती को विनष्ट किया गया



• चौका थाना क्षेत्र अंतर्गत अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चांडिल के नेतृत्व में SSB मतकमडीह की कंपनी एवं थाना प्रभारी चौका के साथ ग्राम रंका एंव टुरू में करीब 3.5 एकड़ अवैध रूप से लगाये गए अफीम की खेती को नष्ट किया गया।
* ईचागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना प्रभारी इचागढ़ के नेतृत्व में ग्राम बिरडीह में करीब 02 एकड़ में अवैध अफीम की खेती को विनष्ट किया गया।
* इसके अलावा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे निरंतर जागरूकता अभियान से प्रभावित होकर खरसावां थानांतर्गत रायजामा गांव चेतनपुरा टोला में ग्रामीणो के द्वारा ग्राम सभा कर जंगल क्षेत्र में लगे लगभग 5 एकड़ में अवैध अफीम को विनिष्ट किया गया है।

सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत इस फसलीय वर्ष 2024-2025 में अब तक सभी थाना क्षेत्र में मिलाकर लगभग 214.16 एकड़ भूमि पर लगे अफीम की अवैध खेती का विनष्टीकरण किया गया है।

## सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के पहल पर 3 यूनिट दुर्लभ रक्त समुह एक बुजुर्ग के लिए उपलब्ध कराई गई



धनबाद नर्सिंग होम में ईलाजरत 68 वर्षीय बुजुर्ग आरती देवी का ऑपरेशन रक्त की कमी के कारण पिछले चार-पाँच दिनों से रुका हुआ था क्योंकि मरीज की शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा केवल 6.0 ग्राम थी जिसके वजह से डॉक्टर ने ऑपरेशन करने से मना कर दिया और साथ में बताया की ऑपरेशन से पहले कम से कम 3 यूनिट दुर्लभ रक्त बी नेगेटिव की व्यवस्था करें तभी ऑपरेशन संभव हैं । इस बात की सूचना मरीज के परिजन रोशन केशरी ने सामाजिक संस्था समर्पण एक नेक पहल के संस्थापक सह केंद्रीय अध्यक्ष दिपेश चौहान को दिया और तत्काल 3 यूनिट रक्त उपलब्ध कराने का आग्रह किया इसके पश्चात श्री चौहान ने दुर्लभ रक्त की खोज में बोकारो के सदर अस्पताल ब्लड बैंक की सुपरिटेंडेंट डॉ मैथिली ठाकुर से बात कर एक यूनिट रक्त प्रदान करने का आग्रह किया जिसे स्वीकार करते हुए ब्लड बैंक से मरीज के लिए रक्त प्रदान कर दी गई और इसके बदले में संस्था के द्वारा 2 यूनिट रक्त ब्लड बैंक को उपलब्ध कराई गई । इसके बाद बोकारो रेड क्रॉस सोसाइटी ब्लड बैंक से मरीज के लिए 2 यूनिट रक्त उपलब्ध कराई गई जिसमें बोकारो के बीबीडीए संस्था के अध्यक्ष मनोज कुमार के द्वारा एक यूनिट का सहयोग प्राप्त हुआ और इसके बदले में तत्काल 2 यूनिट रक्त दान मरीज के परिजन के द्वारा किया गया इस प्रकार कुल 3 यूनिट रक्त बुजुर्ग मरीज को उपलब्ध कराई गई और अब इनका ऑपरेशन होना संभव हो गया हैं डॉक्टर के अनुसार ऑपरेशन के पश्चात एक यूनिट रक्त की और आवश्यकता पड़ेगी जिसे संस्था के पहल पर उपलब्ध कराए जानी की बात संस्था के अध्यक्ष दिपेश चौहान ने कही हैं ।

## सिंदरी में महिलाओं के लिए सॉफ्ट टॉयज प्रशिक्षण कार्यक्रम



वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकारहस्तशिल्प सेवा केंद्र, देवघर गुरु शिष्य हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत सिंदरी में महिलाओं के लिए सॉफ्ट टॉयज प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए चयन साक्षात्कार का आयोजन प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित करना वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार अन्तर्गत विकास आयुक्त हस्तशिल्प कार्यालय देवघर द्वारा धनबाद जिला के सिंदरी एवं आसपास के क्षेत्रों में 30 महिलाओं के लिए आयोजित किए जा रहे सॉफ्ट टॉयज में गुरु शिष्य हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का चयन साक्षात्कार का आयोजन गायत्री मन्दिर, सिंदरी में किया गया। चयन के लिए सिंदरी एवं आसपास के क्षेत्रों से आई 55 महिलाओं ने साक्षात्कार में भाग लिया, जिसमें से 30 महिलाओं का चयन प्रथम बैच के लिए किया गया है। निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम 22 जनवरी से शुरू होगा, जो प्रतिदिन सुबह 10 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित होगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद महिलाओं को सॉफ्ट टॉयज में प्रशिक्षित कर स्वरोजगार से जोड़ना है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनने के अवसर प्राप्त कर सकें। सहायक निदेशक भुवन भास्कर ने बताया कि प्रशिक्षण उपरांत महिलाओं को स्टाइपेंड एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा। प्रशिक्षण का पूरा खर्च वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार वहन करेगी। चयनित महिलाओं को क्रिएटिव डिजाइन, उत्पाद निर्माण और विपणन की विस्तृत जानकारी कोलकाता के प्रशिक्षक द्वारा दी जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान ही समूह बनाकर उत्पादन केंद्र स्थापित किया जायेगा। चयन को सहायक निदेशक भुवन भास्कर के अध्यक्षता में प्रशिक्षण अधिकारी विकास कुमार एवं टिंकरहैट फाउंडेशन के प्रतिनिधि सुंदर लाल ने किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से सिंदरी एवं आसपास के क्षेत्रों की महिलाओं को अपने कौशल को पहचानने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का एक प्रयास है।

## गुरु गोविंद सिंह जी की 358वीं जयंतीः साउथ कॉलोनी चसनाला में भव्य आयोजन



गुरु गोविंद सिंह जी की 358वीं जयंती साउथ कॉलोनी, (धनबाद) में बड़े श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाई गई। इस पवित्र अवसर पर श्रद्धालुओं ने गुरु साहिब के महान जीवन, उनके बलिदान और उनकी शिक्षाओं को याद करते हुए पूरे समर्पण के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम का शुभारंभ और धार्मिक अनुष्ठान इस कार्यक्रम की शुरुआत सुबह अरदास के साथ हुई, जिसे ग्रंथि झारखंड पेज पर लगेगा

विदेशी शराब दुकान सहित दो दुकानों से लाखों की चोरी

साहिबगंज।साहिबगंज शनिवार की देर रात जिरवाबड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत विदेशी शराब दुकान के साथ-साथ अन्य दो दुकानों में अज्ञात चोरों द्वारा लाखों की चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।घटना की सूचना मिलने पर जिरवाबड़ी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार जिरवाबड़ी थाना से महज 100 मीटर दूरी पर स्थित विदेसी शराब की दुकान से नकद राशी सहित लाखो रुपये का शराब की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर लिया गया। संबंध में दुकान के इंचार्ज सोनू गुप्ता ने बताया कि शनिवार की रात दुकान बंद कर घर चले गए थे। सुबह मोबाइल टाइगर द्वारा जानकारी दी गई की दुकान का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलने पर जब दुकान पहुंचे तो शटर का ताला टूटा हुआ था। दुकान में रखे महंगे ब्रांड के सभी शराब रैक से गायब था। और तिजोरी में रखा 2 लाख 75000 रुपया अभी चोरी कर ली गई है। इस मामले में जिरवाबड़ी थाना पुलिस तथा उत्पाद विभाग मामले की छानबीन कर रही है। वहीं दूसरी मदनशाही स्थित चंदन दास के किराना तथा अभिषेक दास के कपड़ा दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा बीती रात लाखों रुपए की चोरी कर ली गई। इसके साथ ही साथ चोरों द्वारा एक ज्वेलर्स दुकान में भी चोरी का प्रयास किया गया। दोनों ही मामले का जिरवाबड़ी थाना पुलिस द्वारा छानबीन की जा रही है। विदित हो कि पिछले एक माह में तकरीबन एक दर्जन स्थान पर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं। शहर सहित आसपास के क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है। दुकानदार तथा अन्य लोग और असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। रमनदीप कौर ने संपन्न किया। अरदास के पश्चात, हरजस कीर्तन जत्था द्वारा गुरबाणी का गायन किया गया, जिससे पूरे वातावरण में भक्ति और शांति का माहौल छा गया। संगत ने बड़ी श्रद्धा से कीर्तन सुना और गुरु के चरणों में शीश नवाया।

सामुदायिक लंगर का आयोजन गुरु परंपरा के अनुसार, सभी श्रद्धालुओं के लिए लंगर का विशेष प्रबंध किया गया। लंगर में हज़ारों की संख्या में स्त्री-पुरुष शामिल हुए और सभी ने गुरु का प्रसाद ग्रहण किया। यह आयोजन सिख परंपरा में निहित समानता, सेवा और समर्पण के मूल्यों को साकार करता है।

सम्मिलित गणमान्य और संगत इस कार्यक्रम में समाज के अनेक सम्मानित लोग शामिल हुए।

## सड़क पार करने के लिए शॉर्ट कट और आसान विकल्प





**बोकारो** : भारत सरकार हर साल जनवरी माह में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाती है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यातायात नियमों के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना और सड़क दुर्घटनाओं के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। इसी कार्यक्रम के तहत बोकारो जिले के विभिन्न चौक चौराहो सहित अन्य स्थानों पर साइकिल चालकों और पैदल यात्रियों के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया, जिसमें सड़क अवरोधों और राजमार्ग अवरोधों का उपयोग शामिल है। इस जागरूकता का मुख्य उद्देश्य लोगों के दुर्घटनाओं में शामिल होने के जोखिम को कम करना है । इन उपायों का पालन करने से दुर्घटनाओं, चोटों और संपत्ति को नुकसान की संभावना काफी कम हो जाती है। **सड़क पार करने के लिए शॉर्ट कट और आसान विकल्प खतरनाक हैं-** मोटरयान निरीक्षक अभय चौधरी ने बताया कि सड़क पार करने के लिए मुख्य रूप से ज़ेबरा क्रॉसिंग, फुटओवर ब्रिज का इस्तेमाल करना चाहिए। साथ ही सड़क पार करने के लिए शॉर्ट कट और आसान विकल्प खतरनाक हैं और इनका सहारा नहीं लिया जाना चाहिए। जहां भी फुटपाथ की सुविधा हो, उसका उपयोग करें। जहां फुटपाथ की अलग से व्यवस्था नहीं है, वहां सड़क के दाईं ओर आने वाले यातायात का सामना करते हुए चलें। 7 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सड़क पर अकेले न चलने दें। यह सुनिश्चित किए बिना कि ऐसा करना सुरक्षित है, सड़क पर कदम न रखें। इस दौरान जिला सड़क सुरक्षा समिति के श्री गोविंद सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने आज सफाई कर्मियों के साथ सुने मन की बात



देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 118 वे एपिसोड मन की बात केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने अपने आवास पर सैकड़ो सफाई कर्मचारियों के साथ सुनी। श्री सेठ ने इस अवसर पर कहा भारत वासियों की उपलब्धि उनकी गाथा सुनाने का अवसर प्रदान होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणादायक बातें सुनकर हम सब को एक ऊर्जा प्राप्त होती है और उसी ऊर्जा के साथ हम लोग आगे काम कर पाते हैं। हमारे देश के ऐसे होनहार जो अपने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हैं उसे जानने का मौका मिलता है । आज जो भारत में कुंभ का आयोजन हो रहा है इस कुंभ की व्यवस्था वहां के मैनेजमेंट जो पूरे विश्व में आज जिसकी सरहाना हो रही है उससे जाने का मौका मिल रहा है। स्टार्टअप, भारतीय स्पेस डॉकिंग ऐसे कई उत्कृष्ट कार्य जो आज भारत विश्व के चौथे नंबर पर है ऐसी गाथाओं को सुनकर पूरा देश गौरवान्वित महसूस करता है। रेडियो के मन की बात के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को भारत की गाथा को जानने का अवसर मिलता है। 2047 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत बनाने का सपना कैसे भारत सर्वश्रेष्ठ भारत बने इन सभी गाथाओं को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायक बात सुनने का आवश्यक प्रदा होता है आज पंड्रा मंडल सुखदेव नगर मंडल के सैकड़ो सफाई कर्मी के साथ मन की बात सुनने का अवसर प्रदान हुआ।

* मन की बात के पश्चात केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ ने आए विभिन्न वार्ड के सैकड़ो सफाई कर्मियों के बीच कंबल का वितरण किया। इस अवसर पर रांची महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू मंडल के अध्यक्ष सुबेस् पांडे ,ओमप्रकाश पांडे ,संजीव चौधरी, सुधीर सिंह, अशोक मुंडा, विनोद वर्मा ,रवि मेहता ,रिंकू सहदेव, आकाश कुमार पांडे, मंजू चौधरी, आशा शर्मा, देवन जी अशोक यादव सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## झारखण्ड के दृष्टिबाधित भाई बहनों के लिए Road safety training कार्यशाला



19 जनवरी 2025 को झारखण्ड के दृष्टिबाधित भाई बहनों के लिए mobility & Road safety training कार्यशाला कार्यक्रम के तहत NAB दिल्ली और NFB राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ शाखा झारखण्ड एवं BRIDGESTONE के संयुक्त तत्वाधान में किया गया समन्वयन अरुण कुमार सिंह ने कार्यक्रम का उदेश्य बताते हुए कहा की झारखण्ड के दृष्टिबाधित जनों के लिए सफेद छड़ी का उपयोग ,सुरक्षा ,इस्तेमाल एवं Mobility training के बारे में जानकारी तथा सफेद छड़ी व् सुरक्षा कीट निशुल्क बितरण किया गया | इस कार्यक्रम के तहत 70 बच्चो को सफेद छड़ी का वितरण किया गया वही अन्य दृष्टिबाधित बाई बहन को यह बताया गया है की उन्हें आने वाले समय में भी सफेद छड़ी का वितरण किया जायेगा इस मोके पर मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस प्रदेश महासचिव विनय सिन्हा जी उपस्थित रहें उन्होंने इस कार्यक्रम का सराहना की साथ ही अपने ही हाथो बच्चो में कीट का वितरण किया साथ ही राष्ट्रिय दृष्टिहीन संघ की सराहना की और संगठन को हर संभव ममदत करने कि आश्वासन दिया और सरकार तक संगठन की बातो को पहुचने की आश्वस्त की है वही राष्ट्रिय दृष्टिहीन संघ ने कांग्रेस पार्टी से अन्य प्रकोस्टो कि तरह दिव्यांग प्रकोस्ट बनाने के लिए निवेदन पत्र सौपा इस मोके पर सामाजिक कार्यकर्ता आशुतोष सिंह जी ने कहा की मेरे द्वारा राष्ट्रिय दृष्टिबाधित जनों के लिए जो भी कार्य होगा मै अपना पूर्ण रूप से सदेव योगदान दूंगा वही विश्व हिन्दू परिसद के अशोक अग्रवाल जी ने बताया की वो दिव्यांग जनों के लिए सदेव कार्यरत रहते है और दिव्यांग जनों को स्वलाम्वी बनाने के लिए अनेको प्रयास करते रहे है और दिव्यांग जोडियो की सामूहिक विवाह का आयोजन करते रहते है ।

## वाहन जांच अभियान चलाकर मोटरयान निरीक्षक ने वसूला 03.25 लाख जुर्माना



**बोकारो** : राष्ट्रीय राजमार्ग पर पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत पिंड्राजोरा चेकपोस्ट पर परिवहन विभाग द्वारा आज दिनांक 19 जनवरी, 2025 दिन रविवार को चलाएं गए *सघन वाहन जांच अभियान के दौरान 24 वाहनों से 03.25 लाख का जूर्माना वसूल किया गया। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना सेजवलकर एवं मोटरयान निरीक्षक कमल किशोर द्वारा संयुक्त जांच अभियान चलाकर मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में कुल 24 वाहन से 03.25 लाख रुपए जुर्माना वसूला गया। डीटीओ एवं एमवीआई के संयुक्त नेतृत्व में अभियान के तहत कुल 76 वाहनों की जांच की गई, जिसमें रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग एवं टैक्स फेल होने को लेकर 24 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूला गया।

## मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन



**धनबाद** : उत्पाद विभाग ने किया मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन भारी मात्रा में बोतल और अलग-अलग ब्रांड की अंग्रेजी शराब बरामद ईंट भट्ठा में चल रहा था शराब फैक्ट्री का धंधा 215 पेटी शराब बरामद,बरामद शराब की कीमत करीब 25 लाख रुपए उत्पाद विभाग ने धनबाद जिले में छापेमारी कर मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में बोतल और अलग-अलग ब्रांड की अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। साथ ही पैकेजिंग के उपकरण, कच्चा स्प्रिट और शराब निर्माण में उपयोग होने वाली अन्य चीजें भी उत्पाद विभाग ने बरामद की है। शराब की कीमत करीब 25 लाख रुपए है।

## विदेशी शराब दुकान सहित दो दुकानों से लाखों की चोरी




**साहिबगंज**। साहिबगंज शनिवार की देर रात जिरवाबड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत विदेशी शराब दुकान के साथ-साथ अन्य दो दुकानों में अज्ञात चोरों द्वारा लाखों की चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है।घटना की सूचना मिलने पर जिरवाबड़ी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की छानबीन कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार जिरवाबड़ी थाना से महज 100 मीटर दूरी पर स्थित विदेसी शराब की दुकान से नकद राशी सहित लाखो रुपये का शराब की चोरी अज्ञात चोरों द्वारा कर लिया गया। संबंध में दुकान के इंचार्ज सोनू गुप्ता ने बताया कि शनिवार की रात दुकान बंद कर घर चले गए थे। सुबह मोबाइल टाइगर द्वारा जानकारी दी गई की दुकान का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलने पर जब दुकान पहुंचे तो शटर का ताला टूटा हुआ था। दुकान में रखे महंगे ब्रांड के सभी शराब रैक से गायब था। और तिजोरी में रखा 2 लाख 75000 रुपया अभी चोरी कर ली गई है। इस मामले में जिरवाबड़ी थाना पुलिस तथा उत्पाद विभाग मामले की छानबीन कर रही है। वहीं दूसरी मदनशाही स्थित चंदन दास के किराना तथा अभिषेक दास के कपड़ा दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा बीती रात लाखों रुपए की चोरी कर ली गई। इसके साथ ही साथ चोरों द्वारा एक ज्वेलर्स दुकान में भी चोरी का प्रयास किया गया। दोनों ही मामले का जिरवाबड़ी थाना पुलिस द्वारा छानबीन की जा रही है। विदित हो कि पिछले एक माह में तकरीबन एक दर्जन स्थान पर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं। शहर सहित आसपास के क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है। दुकानदार तथा अन्य लोग और असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

## मार्क्सवादी-लेनिनवादी लिबरेशन ,भाकपा माले सिन्दरी-बलियापुर जॉन स्तरीय कार्यकर्ता कन्वेंशन



“ जोहार झारखंड संकल्प अभियान के तहत” भारत की कम्युनिष्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन ,भाकपा माले सिन्दरी-बलियापुर जॉन स्तरीय कार्यकर्ता कन्वेंशन बीबीएम कॉलेज सभागार, बलियापुर में संपन्न हुआ। कन्वेन्शन को तीन सदस्यीय अध्यक्ष मंडल कॉ0 पिंकी देवी(प्रमुख) कॉ0 गणेश महतो एवं राज्य कमिटी सदस्य कॉ0 सुरेश प्रसाद एवं संचालन जिला सहसचिव कॉ0 कार्तिक प्रसाद ने की। कन्वेंशन में मुख्य वक्ता के बतौर पोलित ब्यूरो सदस्य सह पूर्व विधायक कॉ0 आनन्द महतो उपस्थित हुए। कन्वेन्शन को सम्बोधित करते हुए कॉ0 आनंद महतो ने कहा कि देश का लोकतंत्र एवं संविधान खतरे में है। देश की फ़ासीवादी सरकार सरकारी संस्थानों को कॉरपोरेट घरानों के हाथो में सौप रही है। देश निजीकरण की दिशा बढ़ गई है। पूंजीवादी व्यवस्था से देश का अर्थव्यवस्था चरमरा गया है। गरीब दिन व दिन कमजोर एवं अमीरों की संख्या में लगातार बढ़ती जा रही हैं। देश को पूंजीपति अडानी अंबानी चला रहा है। कृषि प्रधान देश में किसान सड़को पर है। छात्र नौजवान,महिलाएं अपने हक के आन्दोलन कर रहे हैं। संविधान में वर्णित अधिकारों को समाप्त किया जा रहा है। उनके हक अधिकारों की लड़ाई वेज्ञानिक सोच रखने वाली कम्युनिष्ट पार्टियां लड़ती है। मजदूर-किसानो की बड़ी-बड़ी आन्दोलनो में लाल झंडे के लोगो की भुमिका रही हैं। समाज में वेज्ञानिक सोच विकसित करना होगा। उनके सवालों को लेकर संगठित करना होगा।

## किसान नेता श्यामापद मंडल की माता तरुलता मंडल का 85 वर्ष की आयु में हृदयाघात



**सिंदरी**। सीपीआई(एम) सिंदरी शाखा के सदस्य और किसान नेता श्यामापद मंडल की माता तरुलता मंडल का 85 वर्ष की आयु में हृदयाघात से निधन हो गया। उनके पति का निधन एक जनवरी को हुआ था, और इसके बाद से वह बहुत दुखी थीं। ग्रामीणों के अनुसार, तरुलता मंडल और उनके पति के बीच बहुत गहरा प्रेम था, और वे हमेशा साथ रहते थे। तरुलता मंडल के निधन पर सीपीएम के वरिष्ठ नेता संतोष कुमार महतो और सिंदरी बलियापुर लोकल कमिटी सचिव विकास कुमार ठाकुर ने शोक संवेदना व्यक्त की। उनका अंतिम संस्कार दूधिया श्मशान घाट पर किया गया, जहां उनके परिवार के सदस्यों और अन्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर रमेश मंडल, प्रमोद मंडल, रक्षित मंडल, राजेश मंडल, दुलाल मंडल, संजय मंडल, मनोज मंडल, बदन मंडल, तनुज मंडल, बेला मंगल, मनिका मंडल, कविता मंडल शंकर कुमार मंडल आदि मौजूद थे।

## आइसा की राज्य परिषद की बैठक रांची में संपन्न, सघन सदस्यता अभियान और आंदोलन की योजना




**रांची**: ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की राज्य परिषद की बैठक 18 जनवरी को रांची में संपन्न हुई, जिसमें राज्यभर से आए साथियों ने राज्य के राजनीतिक और विश्वविद्यालय से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में छात्र-नौजवानों के मुद्दों को लेकर राज्य में आंदोलन तेज करने और संगठन के विस्तार के उद्देश्य से रणनीतियाँ बनाई गईं। इस बैठक में केंद्रीय अध्यक्ष कामरेड नेहा, नवनिर्वाचित राज्य अध्यक्ष कामरेड विभा और राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ ने प्रमुख रूप से प्रेस को संबोधित किया और बैठक के बारे में जानकारी दी।

बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया कि जनवरी से मार्च तक आइसा का सघन सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही, राजभर विश्वविद्यालय में लंबित छात्र संघ चुनावों और छात्रों से फीस वसूली के खिलाफ भी आंदोलन किया जाएगा। 30 जनवरी को राजभर में सभी जिला कल्याण पदाधिकारी और डीसी ऑफिस के सामने प्रदर्शन किया जाएगा, ताकि छात्रवृत्तियों का भुगतान जल्द से जल्द हो सके।

इसके अतिरिक्त, 6 मार्च 2025 को राजभवन के समक्ष छात्राओं पर बढ़ते हमलों, स्थानीय नीति और खतियान आधारित स्थानीय नीति की मांग, और विश्वविद्यालयों में रिक्त पदों पर नियुक्ति को लेकर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। केंद्रीय अध्यक्ष कामरेड नेहा ने इस दौरान देशभर में फंड कटौती, शिक्षा नीति और बेरोजगारी के बढ़ते मुद्दों पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि झारखंड जैसे राज्यों में छात्र-नौजवानों के लिए बेहतर शिक्षा और रोजगार सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।

नवनिर्वाचित राज्य अध्यक्ष कामरेड विभा ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी निष्ठा से निभाएंगे और संगठन के साथ मिलकर छात्र-नौजवानों के मुद्दों को प्राथमिकता देंगे। राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ ने कहा कि इन समस्याओं को झारखंड में लागू करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

आइसा ने इस दिशा में सघन सदस्यता अभियान और विभिन्न सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया है, ताकि छात्रों के अधिकारों की रक्षा की जा सके और झारखंड में शिक्षा, रोजगार और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष किया जा सके।



डॉ. वंदना सेन

यहाँ स्मरण करने वाली बात यह भी है कि कोरोना संक्रमण के चलते हमारी जीवन चर्या में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है। जिसमें हर व्यक्ति को अपने जीवन के लिए प्रकृति का महत्व भी समझ में आया, लेकिन सवाल यह है कि क्या इस परिवर्तन के अनुसार हम अपने जीवन को ढाल पाएं हैं? यकीनन नहीं। वर्तमान में हमारा स्वभाव बन चुका है कि हम अच्छी बातों को ग्रहण करने के लिए प्रवृत नहीं होते। जीवन की भी अपनी प्रकृति और प्रवृति होती है।

वर्तमान में जिस प्रकार से तापमान बढ़ रहा है, उसका एक कारण यह भी है कि हमारा समाज पर्यावरण के प्रति सचेत नहीं है। इसे सरकारी विफलता के रूप में देखा जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। क्योंकि सरकार केवल योजना बनाकर ही यह समझ लेती है कि उनका कर्तव्य पूरा हो गया, जबकि यह योजना नीचे तक जाए, यह जिम्मेदारी भी तो शासन की है, लेकिन शासन अभी तक पर्यावरण के मामले में कोई ठोस पहल नहीं कर सका। सरकार के सानिध्य में संचालित होने वाले गैर सरकारी संगठन भी पर्यावरण संरक्षण के अभियानों को अपनी आय का माध्यम मानकर ही कार्य करते हैं। इन संस्थाओं का कार्य कागजों पर सफलता दशार्ने वाला होता है, लेकिन धरातल पर उसकी परिणति वैसी नहीं होती जैसी दिखाई जाती है। पर्यावरण का अभियान केवल फोटो खिचाने तक ही सीमित होता जा रहा है।

आज पर्यावरण के कारण जल के अभाव में वसुंधरा सूख रही है। पेड़ आत्महत्या कर रहे हैं। नदियां समाप्ति की ओर हैं। कुए, बाबड़ी रीत गए हैं। यह एक ऐसा भयानक संकट है, जिसको हम जानते हुए भी अनदेखा कर रहे हैं। अगर इसी प्रकार से चलता रहा तो आने वाला समय कितना त्रासद होगा, इसकी अभी मात्र कल्पना ही की जा सकती है, लेकिन जब यह समय सामने होगा, तब हमारे हाथ में कुछ भी नहीं होगा। यह सभी जानते हैं कि प्रकृति ही जीवन है, प्रकृति के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते। जब हम प्रकृति कहते हैं तो स्वाभाविक रूप मानव यही सोचता है कि पेड़ पौधों की बात हो रही है, लेकिन इसका आशय इतना मात्र नहीं, बहुत व्यापक है। प्रकृति में जितने तत्व हैं, वे सभी तत्व हमारे जीवन का आवश्यक अंग हैं। चाहे वह श्वांस हो, जल हो, या फिर खाद्य पदार्थ ही हों। सब प्रकृति की ही देन हैं। विचार कीजिए जब यह सब नहीं मिलेगा, तब हमारा जीवन कैसा होगा?

देश में अनेक संस्थाओं द्वारा पौधारोपण के कार्य भी किए जाते हैं। विसंगति यह है कि पौधारोपण करने के बाद उन पौधों का क्या होता है। यह सब देखने का समय हमारे पास नहीं है। पौधों के लिए जल ही जीवन है और पौधा भी एक जीवित वनस्पति है। अगर किसी पौधे का जीवन जन्म के समय ही समाप्ति होने की ओर अग्रसर होता है तो स्वाभाविक रूप से यही कहा जा सकता है कि ऐसा कर-के हम निश्चित ही एक जीवन की हत्या ही कर रहे हैं।



भारतीय संस्कृति में हत्या के परिणाम क्या होते हैं, इसे बताने की आवश्यकता नहीं हैं, लेकिन यह सत्य है कि जिस पेड़ की असमय मौत होती है, उसकी आत्मा कराह रही होती है। हम अगर पेड़ या पौधे में जीवन का अध्ययन करें तो हमें स्वाभाविक रूप से यह ज्ञात हो जाता है कि जीवित वनस्पति जब मौत की ओर जाती है, तब उसकी क्या स्थिति होती होगी। अब जरा अपने शरीर का ही विचार कर लीजिए, उसे भोजन नहीं मिलेगा, तब शरीर का क्या हाल होगा।

वर्तमान में हम सब पर्यावरण प्रदूषण का शिकार हो रहे हैं। यह सब प्रकृति के साथ किए जा रहे खिलवाड़ का ही परिणाम है। हम सभी केवल इस चिंता में व्यस्त हैं कि पेड़ पौधों के नष्ट करने से प्रदूषण बढ़ रहा है, लेकिन क्या हमने कभी इस बात का चिंतन किया है कि हम प्रकृति संरक्षण के लिए क्या कर रहे हैं। क्या हम प्रकृति से जीवन रूपी सांस को ग्रहण नहीं करते? क्या हम शुद्ध वातावरण नहीं चाहते? तो फिर क्यों दूसरों की कमियां देखने में ही व्यस्त हैं। हम स्वयं पहल क्यों नहीं करते? आज प्रकृति कठोर चेतावनी दे रही है। बिगड़ते पर्यावरण के कारण हमारे समक्ष महामारियों की अधिकता होती जा रही हैं। अगर हम इस चेतावनी को समय रहते नहीं समझे तो आने वाला समय कितना विनाश कारी होगा, कल्पना कर सकते हैं।

वर्तमान में स्थिति यह है कि हम पर्यावरण को बचाने के लिए बातों से चिंता व्यक्त करते हैं। सवाल यह है कि इस प्रकार की चिंता करने समाज ने अपने जीवन काल में कितने पौधे लगाए और कितनों का संवर्धन किया। अगर यह नहीं किया तो यह बहुत ही चिंता का विषय इसलिए भी है कि जो व्यक्ति पर्यावरण के प्रभाव और दुष्प्रभावों से भली भांति परिचित है, वही निष्क्रिय है तो फिर सामान्य व्यक्ति के क्या कहने। ऐसे व्यक्ति यह भी अच्छी तरह से जानते हैं कि पर्यावरण और जीवन का अटूट संबंध है। यह संबंध आज टूटते दिखाई दे रहे हैं। प्राण वायु ऑक्सीजन भी दूषित होती जा रही है। वह तो भला हो कि ईश्वर के अंश के रूप में में भारत भूमि पर पैदा हुआ हमारे इस शरीर में ऐसा श्वसन तंत्र विद्यमान है, जो वातावरण से केवल शुद्ध ऑक्सीजन ग्रहण करता है, लेकिन सवाल यह है कि जिस प्रकार से देश में जनसंख्या बढ़ रही है, उसके अनुपात में पेड़ पौधों की संख्या बहुत कम है। इतना ही नहीं लगातार और कम होती जा रही है। जो भविष्य के लिए खतरे की घंटी है।

आज के समाज की मानसिकता का सबसे बड़ा दोष यही है कि अपनी जिम्मेदारियों को भूल गया है। अपने संस्कारों को भूल गया है। किसी भी प्रकार की विसंगति को दूर करने के लिए समाज की ओर से पहल नहीं की जाती। वह हर समस्या के लिए शासन और प्रशासन को ही जिम्मेदार ठहराता है। हालांकि शासन भी जिम्मेदार है लेकिन शासन के बनाए नियमों का पालन करने की जिम्मेदारी हमारी है। शासन और प्रशासन में बैठे व्यक्ति भी समाज के हिस्सा ही है। इसलिए समाज के नाते पर्यावरण को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी हम सबकी है। पौधों को पेड़ बनाने की दिशा में हम भी सोच सकते हैं। प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए हम कपड़े के थैले का उपयोग कर सकते हैं। अभी ज्यादा संकट नहीं आया है, इसलिए क्यों नहीं हम आज से ही एक अच्छे नागरिक होने का प्रमाण प्रस्तुत करें। क्योंकि दुनिया में कोई भी कार्य असंभव नहीं है।


यहाँ स्मरण करने वाली बात यह भी है कि कोरोना संक्रमण के चलते हमारी जीवन चर्या में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है। जिसमें हर व्यक्ति को अपने जीवन के लिए प्रकृति का महत्व भी समझ में आया, लेकिन सवाल यह है कि क्या इस परिवर्तन के अनुसार हम अपने जीवन को ढाल पाएं हैं? यकीनन नहीं। वर्तमान में हमारा स्वभाव बन चुका है कि हम अच्छी बातों को ग्रहण करने के लिए प्रवृत नहीं होते। जीवन की भी अपनी प्रकृति और प्रवृति होती है। इसी कारण कहा जा सकता है कि जो व्यक्ति प्रकृति के अनुसार जीवन यापन नहीं करता, उसका प्रकृति कभी साथ नहीं देती। हमें घटनाओं के माध्यम से जो संदेश मिलता है, उसे जीवन का अहम हिस्सा बनाना होगा, तभी हम कह सकते हैं कि हमारा जीवन प्राकृतिक है।

(लेखिका शिक्षाविद और सहायक प्राध्यापक हैं)

## संपादकीय

### एग्जिट पोल की परीक्षा

भारतीय जनता पार्टी ने पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल प्रदेश में 46 सीटें जीत कर बहुमत हासिल कर लिया। राज्य में 60 में से 50 विधानसभा सीटों के लिए लोक सभा चुनाव के साथ मतदान हुआ था। भाजपा ने बाकी की दस सीटों पर पहले ही निर्विरोध जीत हासिल कर ली थी। राज्य में भाजपा के लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कार्यकताओं की सराहना की। वहीं सिक्किम में 32 सदस्यीय विधानसभा में 31 सीटों पर सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) ने 31 सीटों पर जीत हासिल की। लगातार दूसरी बार जीतने वाले दल को इस दफा प्रचंड़ बहुमत मिला है। 2019 तक लगातार 25 साल शासन करने वाली सिक्किम डेमोक्रेटिक खंट (एसड़ीएफ) को केवल एक सीट मिली। पूर्व मुख्यमंत्री पवन चामलिंग की पार्टी प्रेम सिंह तमांग उर्फ गोले के आगे बुरी तरह धराशायी हो गई। वहां भाजपा और कांग्रेस जैसे बड़े. दलों का खाता भी नहीं खुला। अरुणाचल में कांग्रेस को एक सीट मिली। अरुणाचल भाजपा ने मुख्यमंत्री पेमा खांडू. के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ा था। उन्होंने इसे ऐतिहासिक दिन कहा और भाजपा के रिकॉर्ड. बनाने पर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया। खांडू. ने इसे एंटी इनकंबेंसी की बाजाए प्रोइझइनकंबेंसी करार दिया। वह पहले कांग्रेस में थे मगर 2016 में मुख्यमंत्री बनते ही कांग्रेस छोड़क र पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल प्रदेश में शामिल हो गए। मगर दो महीने बाद ही खांडू. भाजपा के साथ आ गए। पिछले चुनाव में राज्य में दूसरे बड़े. दल के तौर पर जनता दल (यूनाइटेड़) (जेड़ी यू) उभरी थी इसलिए माना जा रहा था कि वह खांडू. को कड़ी टक्कर देगी। क्योंकि ग्राम पंचायत व जिला परिषद में उसे बेहतर समर्थन प्राप्त था, परंतु विपक्ष के गठबंधन इंड़िया में सीटों को लेकर लंबे समय तक सहमति नहीं बन पाई। जिसका लाभ भाजपा को ले गई लगती है। सिक्किम की जीत के नायक तमांग शिक्षक की नौकरी छोड़.कर राजनीति में आए थे। 2013 में अपना नया दल बना कर पहली बार 2014 का चुनाव लड़ा, जिसमें दस सीटें लेकर नेता प्रतिपक्ष बन गए। 2016 में भ्रष्टाचार के मामले में जेल व विधायक होने से अयोग्य ठहराए जाने के बावजूद 2019 में 17 सीटें जीत कर 24 साल पुरानी चामलिंग सरकार को जड़.से उखाड़. दिया। हालांकि वे भाजपा के नेतृत्व वाले एनड़ीए का हिस्सा हैं इसलिए लोक सभा कर मात्र एक सीट को लेकर सब निश्चिंत ही नजर आ रहे हैं।



## चिंतन-मनन

### सच्चा पुरुषार्थ

यह बात उन दिनों की है जब स्वामी विवेकानंद की चर्चा दुनिया भर में फैल चुकी थी। उनके विचारों को लेकर हर जगह विचार-विमर्श चल रहा था। उन्हें एक आदर्श के रूप में स्थापित होता देख एक विदेशी महिला बहुत प्रभावित हुई। उसने स्वामी विवेकानंद से विवाह करने का मन बना लिया। बस, इसके बाद वह हरदम उन्हीं के बारे में सोचती रहती। संयोग से एक दिन स्वामी विवेकानंद एक सम्मेलन में भाग लेने पहुंचे तो उसने उनसे मिलने की ठान ली। वह किसी तरह उसी स्थान पर जा पहुंची जहां सम्मेलन हो रहा था।

महिला स्वामी जी के समीप जाकर निर्भीकता से बोली,स्वामी जी, मैं आपसे विवाह करना चाहती हूं। स्वामी विवेकानंद ने उससे पूछा,क्यों, विवाह तुम आखिर मुझसे ही क्यों करना चाहती हो? क्या तुम यह नहीं जानती कि मैं तो एक संन्यासी हूं? महिला ने पूरी विनम्रता से कहा,देखिए, बात ये है कि मैं आपके जैसा ही गौरवशाली, सुशील और तेजमय पुत्र चाहती हूं। और वह तो तभी संभव होगा जब आप मुझसे विवाह करेंगे।

यह सुनकर स्वामी विवेकानंद ने उत्तर दिया, देखो, हमारी शादी तो संभव नहीं है, परंतु एक उपाय अवश्य है। महिला बोली,कैसा उपाय? स्वामी विवेकानंद बोले,आज से मैं ही आपका पुत्र बन जाता हूं और आप मेरी मां बन जाएं। आपको मेरे जैसा पुत्र मिल जाएगा। विवेकानंद की यह बात सुनकर विदेशी महिला उनके चरणों पर गिर पड़ी और बोली,स्वामी जी, सचमुच आप साक्षात ईश्वर के रूप हैं। इसे कहते हैं पुरुष और ये होता है पुरुषार्थ। सच्चा पुरुषार्थ तभी होता है जब पुरुष नारी के प्रति अपने मन में पुत्र जैसा भाव ला सके और उसमें मातृत्व की भावना उत्पन्न कर सके।

# सनातन का संदेश देती भ्रमणशील जमात की यात्रा



सज्जन कुमार गर्ग

श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन निर्वाण की भ्रमणशील जमात एक चलता फिरता तीर्थ स्वरूप है। सनातन धर्म संस्कृति के प्रचार के लिए भारत के शहर से ग्रामीण स्थानों पर भ्रमण करते रहते हैं,जहां सत्संग प्रवचन धार्मिक अनुष्ठान किए जाते हैं,यहां साधु संत वैदिक विधि-विधान के साथ गणेश-पंचदेव एवं कलश पूजन कर प्रवास करते हैं।।श्री सत पंच परमेश्वर भ्रमणशील जमात बिहार मे लगभग चालीस बर्ष पूर्व 1984 में जमात पहुंची थी। पुन. 2024के मार्च मे यह यात्रा बिहार के बक्सर जिले मे प्रवेश की और बकसर के साथ पटना बाढ,जमालपुर मुंगेर के विभिन्न स्थानो की यात्रा कर अब झारखंड मे प्रवेश करने वाली है।

श्री सत पंच परमेश्वर पंचायती अखाड़ा बडा उदासीन,मुख्यालय प्रयागराज श्रीमहंत मेहश्वर दास जी,मुखिया महंत दुगार्दासजी,मुखिया महंत अद्वैत्वानंद जी महाराज की अगुआई में संत-महंतों का , तपस्वी संतों के चलता फिरता तीर्थ की यात्रा जारी है।श्रीमहंत मेहश्वर दास जी मुखिया महंत दुगार्दास जी के अनुसार वैदिक परंपरा के अनुरूप प्रवास के दौरान संत विशेष पूजन, ध्यान व वैदिक परंपराओं का निर्वहन करते हैं।भ्रमणशील जमात में पद निधारित हैं,श्री महंत,मुखिया महंत,पुजारी भंडारी,कोठारी तथा,कार्यवारी कोतवाल के पद नियुक्त हैं।

सनातन धर्म संस्कृति के प्रचार के लिए देश के चारो धाम तीर्थ स्थल कुंभ मेला सहित देश भर में भ्रमण पर रहती हैं जमात।

पहले भ्रमणशील जमात में हाथी,घोड़े ऊंट के साथ पूज्य संत की जमात देशभर का भ्रमण करती थी। समय के साथ हर क्षेत्र मे बदलाव के मद्देनजर अखाड़ा के पूज्य संतो की भ्रमणशील जमात मे भी बदलाव किया गया। जहां वर्तमान समय मे हाथी,घोड़े बैलगाड़ी के स्थान पर अब वाहन के माध्यम से भ्रमणशील जमात देश भ्रमण कर रही है।

यात्रा का मकसद लोगो मे सनातन के प्रति जागरूकता पैदा करना ओलम्पिक तथा मठो की स्थित का अवलोकन भी करना है,लोगो मे अध्यात्मिक भाव बना रहे इसकी महती जवाबदेही संतो की हैं,श्रीमहंत मेहश्वर दास जी कहते है कि पहले भ्रमणशील जमात काबुल तक जाती थी,जिसका रिर्काड आज भी प्रयागराज मे संरक्षित है,उदासीन आचार्य श्रीचंद्र देव जी इस परंपरा के प्रर्वतक है उनकी मयार्दाओ का पालन आज भी किया जा रहा है ।हमलोग को अपने गुरू वचन पर विश्वास है ओर उसी का पालन कर रहे हैं।यह संस्था जगह-जगह सनातन का प्रचार करती है सिर्फ धर्म का ही प्रचार करना इसका मकसद नही है बल्कि मानव कल्याण के कार्यो से भी जुड़ी हुई है,संगठन द्वारा जनहित के अनेक कल्याण कारी काम किए जा रहे है खासियत यह है कि संत अपने काम का प्रचार नही करते सिख धर्म के प्रर्वतक श्री गुरुनानक देव जी के सुपत्र भगवान श्रीचंद्र महाराज ने उदासीन सम्प्रदाय की स्थापना की ओर भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए शैव,वैश्विक शाक्त, सौर तथा गणपतय मत को मानने वाले सभी धमार्चार्य को संगठित कर पंचायत उपासना प्रतिपादित किया,महंत दुगार्दास जी महाराज के अनुसार इस संप्रदाय मे हिन्दु धर्म मे जाती पाती,ऊच नीच,छोटे बडे का भेद मिटाकर समाजिक समरसता ओर मानव मात्र की मुक्ती के लिए नई राह दिखाई साथ ही हिन्दु धर्म मे वैचारिक वाद विवाद कौन मिटाकर सत सनातन धर्म को समन्वय का विराट रूप प्रदान किया ओर भारतीय संस्कृत की महान परंपरा को जन-मानस को समझाया,लोग कल्याण की परंपरा को आगे बढाते हुए इस संस्था द्वारा संस्कृत पाठशाला,मेडिकल कॉलेज,का संचालन किया जा रहा है बिहार यात्रा कि खासियत यह रही कि श्रीमहंत मेहश्वर दास जी ने घोषणा की राज्य के हर जिले मे संस्कार युक्त शिक्षा देने के लिए कम शुक्ल पर स्कूल खोले जाएगे।दुर्गा दास जी के अनुसार दरअसल में माने तो भक्ति ओर ज्ञान मार्ग के समुच्चय का संप्रदाय है उदासीन संप्रदाय।

# रूढ़िवादी परम्पराओं के नाम पर महिलाओं का शोषण!



सोनम लववंशी

पश्चिमी अफ्रीका में स्थित सबसे छोटा देश गाम्बिया आजकल पूरी दुनिया में चर्चा का केंद्र बना हुआ है। कहने को इस देश की आबादी महज 26 लाख है, लेकिन यहां की संसद में एक ऐसा विधेयक लाया गया है। जो काफी हैरान करने वाला है। इस विधेयक के अनुसार महिलाओं के खतना करने की बात कही गई है। जबकि साल 2015 में ही महिलाओं के खतना पर रोक लगा दी गई थी। लेकिन बीते दिनों 8 नाबालिग बच्चियों का खतना करने को लेकर विवाद इतना गरमाया कि इस मामले में तीन महिलाओं को सजा देनी पड़ी। ऐसे में इस बहस ने पूरे देश के जनमत को दो हिस्सों में बांट दिया। एक पक्ष महिलाओं के खतना करने के पक्ष में खड़ा हो गया। जो समाज, संस्कृति और परम्परा के नाम पर महिलाओं का शोषण करने की वकालत कर रहा है जबकि दूसरा पक्ष महिलाओं का पक्षधर है जो इस प्रथा का विरोध कर रहा है। विडंबना देखिए कि अगर ये विधेयक कानून बन गया तो इस कुप्रथा को अपनाने वाला गाम्बिया दुनिया का पहला देश बन जाएगा और अगर ऐसा होता है तो सौ फीसद मुमकिन है कि दुनिया के अन्य हिस्सों में भी इसे मजहब के नाम पर महिलाओं के शोषण के हथियार के तौर पर देखा जाने लगेगा।

महिलाओं के प्रति पुरुषों की सोच आज भी अधिनायकवादी है। यही वजह है कि कहने को तो हम आधुनिक हो चले हैं, लेकिन हमारे समाज में अब भी कुछ रूढ़िवादी परम्पराएं हैं जो सदियों से जस की तस चली आ रही हैं। इनमें महिलाओं का फीमेल जेनिटल म्यूटिलेशन (एफजीएम) यानी खतना भी शामिल है। वैसे देखा जाए तो परम्पराओं के नाम के पर महिलाओं का शोषण सदियों से होता आया है। हमारे रीति रिवाज को आगे बढ़ाने का काम महिलाओं के जिम्मे ही रहा है। खास कर खतना जैसी कुप्रथा के पीछे भले ही धार्मिक चोला पहनाया जाता रहा हो, लेकिन असल मकसद महिलाओं की यौन इच्छाओं पर नियंत्रण करना है। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन कि माने तो बच्चियों का कम उम्र में ही खतना कर दिया जाता है। इस प्रक्रिया में एक्सटर्नल प्राइवेट पार्ट के उन हिस्सों को कट किया जाता है, जिनसे यौन इच्छाओं का संबंध होता है। इसके पीछे महिलाओं के शादी के पहले संबंध न बनाने, या फिर यौन सुख से दूर रखने की सोच होती है। विडंबना देखिए कि इस दर्दनाक प्रक्रिया के दौरान न तो बेहोश किया जाता और न ही कोई डॉक्टर निगरानी के लिए मौजूद होता है। इस दर्दनाक प्रक्रिया के दौरान कई मासूम लड़कियों की मौत तक हो जाती है।

हमारा समाज आज भी एक लड़की को वस्तु की तरह ही देखता आया है। लड़की को छोटी सी उम्र से ही ये अहसास दिलाया जाता है कि वे पराया धन है उन्हें शादी करके दूसरा घर बसाना है। यहां तक कि खुद से बड़ी उम्र के पुरूष के लिए सम्भावित दुल्हन के रूप में देखा जाने लगता है। उन्हें शारीरिक पवित्रता की परीक्षा देने के लिए मजबूर किया जाता है। एक लड़की को बचपन से ही पितृसत्तात्मक समाज के ढांचे में फिट रहने की कवायद शुरू कर दी जाती है। उसके उठने, चलने या बोलने से लेकर शारिरिक जरूरत तक को कंट्रोल करने का काम किया जाता है। घर की इज्जत मान मयार्दा को जोड़कर बंदिशें लागू कर दी जाती है। गाम्बिया का यह प्रकरण देश दुनिया की महिलाओं के लिए एक सीख लेकर आया है। महिला अधिकारों की बातें करना और उसे हकीकत में लागू करना इन दोनों ही बातों में जमीन आसमान का फर्क है। महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए सदियों से संघर्ष करना पड़ा है। आज भी पितृसत्तात्मक समाज महिलाओं को अपने हाथों की कठपुतली बनाकर रखना चाहता है तभी तो उन्हें मिले अधिकारों को भी छिनने की कोशिश की जाती रही है। गाम्बिया की महिलाएं भी अभी ऐसे ही दर्द को झेलने पर मजबूर है। महिलाओं की राजनीति में बराबर की भागीदारी होना बहुत जरूरी है वरना कब उन्हें बंदिशों में बांध दिया जाए कोई नहीं कह सकता। गाम्बिया की महिलाओं को ही देखें तो यहां उनके दर्द को आवाज तक नहीं मिली। जिसकी सबसे बड़ी वजह यहां की संसद में महिलाओं की संख्या कम होना है। यहां की संसद में 92 फीसदी पुरुष है ऐसे में इस बात की गारंटी कैसे ले सकते है कि पुरुष महिलाओं के पक्ष में फैसला लेंगे? इस विधेयक का 4 के मुकाबले 42 मतों से पारित होना इस बात का सबूत है कि ये विधयेक महिलाओं के विरुद्ध है। आधुनिक होते समाज में जब इस तरह की कुप्रथा की वकालत की जाने लगे तो इसके परिणाम भी गम्भीर ही होंगे। महिलाएं सभ्य समाज की वह नींव है जिस पर सुनहरा भविष्य टिका है। लेकिन इस नींव को कमजोर कर दिया जाएगा तो पूरी सामाजिक व्यवस्था ही ध्वस्त हो जाएगी। लेकिन ये हमारे समाज का कड़वा सच ही है कि आज भी पितृसत्तात्मक समाज का वर्चस्व है। ये दुनिया के हर कोने में मौजूद है।

संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनिसेफ (संयुक्त राष्ट्र बाल कोष) की रिपोर्ट की मानें तो दुनियाभर में 23 करोड़ महिलाएं और बच्चियां ने खतना का दर्द झेला है। जबकि पिछले आठ वर्षों में खतना करने वाली महिलाओं और बच्चियों की संख्या में तीन करोड़ यानी 15 फीसदी का इजाफा हुआ है। दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में इस कुप्रथा पर रोक लगा दी गई है, बावजूद इसके आज भी ये प्रथा हमारे समाज में निभाई जा रही है। इक्वलिटी नाउ नामक संस्था की रिपोर्ट ने भी इस बात की पुष्टि की है। ये प्रथा दुनिया के 92 से ज्यादा देशों में जारी है। भारत भी इस कुरीति से अछूता नहीं है। भारत में दाऊदी बोहरा समुदाय की महिलाएं इस दर्दनाक त्रासदी को झेल रही है। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार, 14.4 करोड़ से अधिक मामलों के साथ अफ्रीकी देश इसका सबसे अधिक दंश झेल रहे हैं। दूसरे नंबर पर एशिया है, जहां आठ करोड़ महिलाओं ने इस दर्द की त्रासदी को झेला है। ये कुप्रथा छोटे, अलग समुदायों और दुनिया भर में प्रवासियों के बीच भी फैली हुई है। कई प्रवासी तो सिर्फ इसलिए अपने देश लौटकर आते है ताकि अपनी बच्चियों के खतना करवा सकें। सोचिए आज भी हमारा समाज लड़कियों के प्रति कितना संवेदनहीन है। हम आधुनिक होने का चाहे जितना ढोंग क्यों न कर लें लेकिन जब बात महिलाओं की आती है तो हमारे समाज का नजरिया पल भर में बदल जाता है।

सोचने वाली बात है कि इससे ज्यादा दर्दनाक क्या होगा, जब किसी के शरीर का एक हिस्सा सिर्फ इसलिए काट कर अलग कर दिया जाता है, क्योंकि एक प्रथा ऐसा करने के लिए कहती है। किसी धर्म विशेष का चोला पहनाकर महिलाओं का प्रताड़ित करने की रवायत सदियों से चली आ रही है। हम उस दर्द का अहसास भी नहीं कर सकते। वो भी किसी महिला के ऐसे अंग को जो उसकी नारी होने के पहचान है। किसी समाज को कोई हक नहीं बनता की



वह उसके वजूद को ही मिटा दे। यह अमानवीय प्रथा ने केवल उस समाज के लिए बल्कि पूरी मानव जाति के लिए शर्मसार करने वाली है। ये केवल संस्कृति से जुड़ा मुद्दा नहीं है। यह नारी की अस्मिता और उसके स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा भी है। इसके कारण महिलाओं मो कई गम्भीर बीमारियों का सामना करना पड़ता है। कई बार तो रक्तस्त्राव, बुखार, संक्रमण और मानसिक अवसाद जैसी समस्या भी पैदा हो जाती है। कई बार तो मासूम बच्चियां की खतना के दौरान मृत्यु भी हो जाती है।

गाम्बिया में, औसतन हर दूसरी लड़की इस यातना से गुजर रही है। इस प्रथा का शिकार होने वाली लड़कियों और महिलाओं को, इसके गम्भीर शारीरिक व मानसिक परिणाम झेलने पड़ते हैं। खतना की शिकार हुई महिलाओं को, बच्चे को जन्म देते समय जटिलताओं का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं खतना करवाने के बाद महिलाओं में कुछ ऐसी समस्याएं भी होती हैं। जिसके कारण उनका समुदायों से बहिष्करण और पतियों द्वारा तलाक तक दे दिया जाता है। ऐसे में अब वक्त की नजाकत कहती है कि सिर्फ परंपरा या झूठी शान की वजह से किसी को पीड़ा देना उचित नहीं। खतना से होने वाले दुष्प्रभावों को दरकिनार करना भी गलत है। स्त्री-पुरूष दोनों समानता के हकदर है। ऐसे में किसी एक को रीति-रिवाज के नाम पर कष्ट देना ठीक नहीं। एक बात और महिलाओं का दर्द महिला ही समझ सकती है, इसलिए सिर्फ पुरूष को अधिकार नहीं कि वो महिलाओं से जुड़ा फैसला स्वयं ले।

# हसीना बोलीं- मौत मुझसे सिर्फ 20-25 मिनट दूर थी:विरोधियों ने मुझे मारने की साजिश रची, लेकिन अल्लाह ने मुझे बचाया



**ढाका** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने राजनीतिक विरोधियों पर उन्हें मारने की साजिश का आरोप लगाया है। न्यूज एजेंसी ANI के मुताबिक हसीना की पार्टी अवामी लीग ने उनका ऑडियो क्लिप जारी किया है। इसमें हसीना ने बताया कि कैसे वे और उनकी बहन पिछले साल अगस्त में जान बचाकर देश से भागीं थी। उन्होंने दावा किया कि 5 अगस्त को मौत उनसे सिर्फ 20-25 मिनट दूर थी। क्लिप में हसीना रोते हुए यह कहते सुनाई दे रही हैं- मैं पीड़ित हूं, मैं अपने देश और अपने घर से दूर हूं, सब कुछ जल गया है। मेरे विरोधियों ने मुझे मारने की साजिश रची लेकिन मैं बच गई। क्योंकि मेरा मानना है कि मेरे पीछे अल्लाह का हाथ है, जिसने मुझे बचाया। शेख हसीना ने आगे कहा कि 2000 के कोटालीपारा में हुए बम विस्फोट में मेरा बचना, 21 अगस्त 2004 के हमले से बचना और 5 अगस्त 2024 को बच जाना, इस सब के पीछे अल्लाह की मर्जी है। ऐसा नहीं होता तो मैं बच नहीं पाती। **इन 3 हादसों में बची हसीना की जान** साल 2000 में शेख हसीना को बांग्लादेश के कोटालीपारा में एक कॉलेज प्रोग्राम में जाना था, लेकिन उनके यहां पहुंचने से पहले 76 किलो का बम मिला था। 21 अगस्त 2004 को ढाका में उन पर ग्रेनेड से हमला किया गया था, इस हमले में 24 लोगों की मौत हो गई थी। 5 अगस्त 2024 को हिंसक क्रांति के बाद हसीना का तख्तापलट कर दिया गया, जिसके बाद वो अपनी बहन के साथ भारत आ गईं। शेख हसीना की यह फुटेज 5 अगस्त की है। वे हेलिकॉप्टर में बैठ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्हें देश छोड़ने के लिए 1 घंटे से भी कम समय मिला था। शेख हसीना की यह फुटेज 5 अगस्त की है। वे हेलिकॉप्टर में बैठ रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्हें देश छोड़ने के लिए 1 घंटे से भी कम समय मिला था। **हसीना का पासपोर्ट रद्द, गिरफ्तारी वारंट जारी** बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद बनी यूनुस सरकार ने हसीना पर हत्या, अपहरण से लेकर देशद्रोह के 225 से ज्यादा मामले दर्ज किए हैं। वहीं, बांग्लादेशी सरकार ने चेतावनी दी है कि भारत में रहते हुए हसीना की तरफ से दिए जा रहे बयान दोनों देशों के संबंध बिगाड़ रहे हैं। बांग्लादेश सरकार ने जुलाई में हुई हत्याओं की वजह से शेख हसीना का पासपोर्ट भी रद्द कर दिया है। वहीं बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। ट्रिब्यूनल ने हसीना को 12 फरवरी तक पेश होने का निर्देश दिया है। बांग्लादेश भारत से हसीना को डिपोर्ट करने की अपील भी कर चुका है। हालांकि, भारत सरकार उनका वीजा बढ़ा चुकी है, जिससे यह साफ हो गया कि उन्हें बांग्लादेश डिपोर्ट नहीं किया जाएगा।

**आरक्षण के खिलाफ आंदोलन ने किया था तख्तापलट** पिछले साल बांग्लादेश में 5 जून को हाईकोर्ट ने जॉब में 30% कोटा सिस्टम लागू किया था, इस आरक्षण के खिलाफ ढाका में यूनिवर्सिटीज के स्टूडेंट्स प्रोटेस्ट कर रहे थे। यह आरक्षण स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को दिया जा रहा था। हसीना की सरकार ने जैसे ही यह आरक्षण खत्म किया तो इसके बाद छात्रों ने उनके इस्तीफे की मांग शुरू कर दी। देखते ही देखते बड़ी संख्या में छात्र और आम लोग हसीना और उनकी सरकार के खिलाफ सड़क पर उतर आए।

इस प्रोटेस्ट के दो महीने बाद 5 अगस्त को उन्होंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया और बांग्लादेश छोड़कर भारत आ गईं। इसके बाद अंतरिम सरकार की स्थापना की गई। बांग्लादेश में पिछले साल आरक्षण की लिमिट बढ़ाए जाने के बाद शेख हसीना के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन शुरू हो गए थे। जुलाई में हुए प्रदर्शन की एक तस्वीर। बांग्लादेश में पिछले साल आरक्षण की लिमिट बढ़ाए जाने के बाद शेख हसीना के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन शुरू हो गए थे। जुलाई में हुए प्रदर्शन की एक तस्वीर। **बांग्लादेश में मिला भारत विरोधी भवनाओं को बल** शेख हसीना का तख्तापलट होने के बाद से बांग्लादेश में भारत विरोधी भावनाओं को बल मिला है। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनल पार्टी के कई नेता लगाता भारत विरोधी बयान दे रहे हैं। इसके अलावा दोनों देशों में बॉर्डर पर बाड़ (फेंसिंग) लगाने के मुद्दे पर भी विवाद उपजा है। वहीं बांग्लादेश के अंदर लगातार हिंदुओं को समेत अन्य अल्पसंख्यक समूहों के धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है। इसे लेकर भी दोनों देशों की सरकार में तल्खी नजर आ चुकी है।

# अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प के शपथ ग्रहण का विरोध:हजारों प्रदर्शनकारी पोस्टर बैनर लेकर सड़कों पर उतरे; मस्क के खिलाफ भी नारे लगाए







***वॉशिंगटन*** *अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले हैं। शपथ ग्रहण से पहले ही देश के कई हिस्सों में उनके विरोध में प्रदर्शन हो गए हैं। शनिवार को हजारों लोगों ने अलग-अलग जगहों पर ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शन किया। राजधानी वॉशिंगटन में कई NGO के एक ग्रुप ने 'पीपुल्स मार्च' बैनर के तले ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किए। प्रदर्शनकारियों ने ट्रम्प के अलावा इलॉन मस्क और उनके करीबी सहयोगियों के खिलाफ पोस्टर और बैनर के जरिए विरोध जताया। इससे पहले भी इस ग्रुप ने जनवरी 2017 में ट्रम्प के पहले शपथ ग्रहण पर के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किए थे। इस ग्रुप में अबॉर्शन एक्शन नाउ, द फेमिनिस्ट फ्रंट और वीमन्स मार्च जैसे संगठन शामिल हैं।* ***शपथ ग्रहण के लिए वाशिंगटन पहुंचे ट्रम्प*** *डोनाल्ड ट्रम्प शपथ ग्रहण के लिए राजधानी वॉशिंगटन पहुंच चुके हैं। ट्रम्प ने शनिवार दोपहर फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच से वायुसेना के सैन्य विमान सी-32 में सवार होकर उड़ान भरी। उनके साथ उनकी पत्नी मेलानिया और बेटे बैरेन ट्रम्प भी साथ थे। इस फ्लाइट को स्पेशल एयर मिशन 47 नाम दिया गया था। मिशन 47 का मतलब है कि डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने ट्रम्प को ये विमान मुहैया कराया। अमेरिका में आमतौर पर सत्ता से बाहर जा रहे राष्ट्रपति नए राष्ट्रपति के लिए ऐसा करते हैं। हालांकि 2021 में डोनाल्ड ट्रम्प ने बाइडेन के लिए ऐसा नहीं किया था। इस वजह से बाइडेन को निजी प्लेन से वॉशिंगटन आना पड़ा था। शपथ ग्रहण के बाद 100 से ज्यादा आदेशों पर साइन करेंगे ट्रम्प*

*सोमवार को शपथ लेने के बाद ट्रम्प 100 से ज्यादा कार्यकारी आदेशों पर साइन करेंगे। उनकी टीम ने कार्यकाल शुरू होने से पहले इन आदेशों को तैयार कर लिया है। ओवल ऑफिस में ट्रम्प की टेबल पर इन्हें रखा जाएगा। ट्रम्प के चुनावों वादों को पूरा करने के मकसद से इन आदेशों को तैयार किया गया है। एक इंटरव्यू के दौरान ट्रम्प ने कहा था कि वह पहले दिन रिकॉर्ड संख्या में आदेशों पर साइन करने की योजना बना रहे हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इन आदेशों में मैक्सिको बॉर्डर को सील करना, अवैध प्रवासियों को देश से भेजना और महिलाओं के खेलों में ट्रांसजेंडर्स को शामिल होने से रोकने के आदेश शामिल हो सकते हैं। कार्यकारी आदेश वह आदेश होते हैं जो राष्ट्रपति द्वारा एकतरफा जारी किए जाते हैं और जो कानून की शक्ति रखते हैं। इन्हें कांग्रेस की मंजूरी की आवश्यकता नहीं होती। कांग्रेस इन्हें पलट नहीं सकती, लेकिन इन्हें अदालत में चुनौती दी जा सकती है।*

# 'उसके पास डॉक्यूमेंट्स थे... उन्होंने उसे मार दिया', ओपनएआई व्हिसलब्लोअर सुचिर बालाजी की मां ने किया बड़ा दावा





***भारतीय-अमेरिकी सुचिर बालाजी की मौत के मामले में मां पूर्णिमा राव ने एक बार फिर दावा किया है कि उनके बेटे की हत्या की गई। उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान बड़ा दावा किया है। सुचिर बालाजी पिछले साल 26 नवंबर को अमेरिका में फ्लैट में मृत पाए गए थे।***

***वॉशिंगटनः*** *ओपनएआई के पूर्व प्रोग्रामर और व्हिसलब्लोअर सुचिर बालाजी की मां की मौत के मामले में उनकी मां पूर्णिमा राव ने एक राजनीतिक टिप्पणीकार टकर कार्लसन के साथ एक इंटरव्यू में बड़ा दावा किया है। पूर्णिमा राव ने कहा है कि उनके बेटे पर हमला किया गया और उसे मार दिया गया। 26 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी सुचिर बालाजी पिछले साल सैन फ्रांसिस्को में मृत पाए गए थे। सुचिर बालाजी की मां ने इंटरव्यू में दावा किया कि उनके बेटे के पास ओपनएआई के खिलाफ डॉक्यूमेंट्स थे।*

*कार्लसन ने सुचिर बालाजी की मां के साथ इंटरव्यू के दौरान कहा, ''इसलिए उन्हें यह कहते हुए कोट किया गया कि ओपनएआई अपराध कर रहा था और एक महीने बाद उनकी मृत्यु हो गई।'' पूर्णिमा राव ने कहा, ''सिर्फ इतना ही नहीं है।'' उन्होंने आगे कहा, ''18 नवंबर को, द न्यूयॉर्क टाइम्स ने मेरे बेटे को कस्टोडियन गवाह के रूप में बताया। कस्टोडियन गवाह बहुत महत्वपूर्ण है। उसके पास ओपनएआई के खिलाफ दस्तावेज थे। यह 18 तारीख को हुआ था, 22 तारीख को वह उसी रात कैटालिना द्वीप से छुट्टी मनाकर वापस आया था। उन्होंने उस पर हमला किया और उसे मार दिया।'' पूर्णिमा राव के इस दावे पर टेक अरबपति एलम मस्क ने भी प्रतिक्रिया दी है। मस्क ओपनएआई के गैर-लाभकारी से लाभकारी संगठन में परिवर्तित होने के खिलाफ मुखर रहे हैं। मस्क ने एक्स पर दो शब्दों में टिप्पणी की। उन्होंने पूर्णिमा राव के इंटरव्यू का वीडियो साझा भी किया है। मस्क ने एक्स पर लिखा, ''अत्यंत चिंताजनक।'' ओपनएआई के पूर्व रिसर्चर सुचिर बालाजी ने कंपनी के खिलाफ आवाज उठाई थी। उन्होंने ऑर्टिफिशियन इंटेलिजेंस कंपनी की कार्यप्रणाली के बारे में चिंता जताई थी। अपनी मृत्यु से तीन महीने पहले उन्होंने सार्वजनिक रूप से दावा किया था कि ओपनएआई ने चैटजीपीटी विकसित करने में कॉपीराइट कानून का उल्लंघन किया है। पिछले साल न्यूयॉर्क टाइम्स पर प्रकाशित एक इंटरव्यू में सुचिर बालाजी ने तर्क दिया था कि ओपनएआई उन व्यवसायों और उद्यमियों पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहा है जिनकी जानकारी का इस्तेमाल चैटजीपीटी को प्रशिक्षित करने के लिए किया गया था। सुचिर बालाजी की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। 26 नवंबर को सुचिर बालाजी को बुकानन स्ट्रीट स्थित उनके फ्लैट में मृत पाया था। एलन मस्क समेत प्रमुख हस्तियों ने बालाजी की मौत की गहन जांच की मांग को लेकर समर्थन जताया था। सुचिर बालाजी की मृत्यु को आधिकारिक तौर पर आत्महत्या माना गया है। पूर्णिमा राव ने उद्यमी मारियो नवाफल से बात करते हुए कहा था, ''ओपनएआई में शामिल होने का कारण उनका यह विश्वास था कि एआई मानवता की मदद करेगा। जब ओपनएआई लाभकारी कंपनी हो गई तो उनकी चिंताएं बढ़ने लगीं।'' राव ने बताया कि बालाजी कंपनी की ओर से एआई के व्यावसायीकरण से बहुत परेशान थे।*

# ईरान के सुप्रीम कोर्ट में गोलीबारी, 2 जजों की हत्या:ज्यादा फांसी की सजा सुनाने के चलते ये हैंगमैन कहलाते थे





***तेहरान*** *तेहरान में शनिवार को ईरान के सुप्रीम कोर्ट में एक शख्स ने गोलीबारी की। इस हमले में 2 जजों की मौत हो गई। वहीं, सुप्रीम कोर्ट के प्रवक्ता असगर जहांगीर ने दावा किया है कि जजों को उनके कमरों में घुसकर मारा गया है। दोनों जज नेशनल सिक्योरिटी, आतंकवाद, जासूसी के मामलों की सुनवाई कर रहे थे। दोनों पर गोली चलाने के बाद हमलावार ने सुसाइड कर लिया। पूरी घटना में एक और जज भी घायल हुआ है। इसके अलावा एक बॉडीगार्ड भी घायल हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक यह हमला स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजकर 45 मिनट पर हुआ। सुप्रीम कोर्ट के जिन जजों को निशाना बनाया गया, उनकी पहचान अली रजिनी और मोघीसेह के तौर पर हुई है। ये ईरानी न्यायपालिका के वरिष्ठ जजों में शामिल थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ज्यादा फांसी की सजा सुनाए जाने के चलते दोनों जजों को हैंगमैन कहा जाता था।*

*हमले में घायल जज का नाम जस्टिस हुसैन अली नायेरी बताया जा रहा है। हमले के मकसद का पता नहीं, पुलिस ने जांच शुरू की रिपोर्ट्स के मुताबिक हमलावर जस्टिस डिपार्टमेंट का ही कर्मचारी था। ईरान इंटरनेशनल के मुताबिक तेहरान के कोर्ट हाउस से कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने कहा है कि हमले के पीछे के मकसद का पता लगाने के लिए जांच शुरू हो गई है। रजिनी की 1988 में भी हत्या की कोशिश की गई थी। उस दौरान उनकी बाइक में मैग्नेटिक बम लगाया गया था। वहीं, अमेरिकी ट्रेजरी डिपार्टमेंट के मुताबिक दूसरे जज मोघिसेह पर अमेरिका ने 2019 में बैन लगा दिया था। दुनियाभर में सबसे ज्यादा फांसी देने वाला देश ईरान ईरान दुनिया में सबसे ज्यादा फांसी की सजा देने वाले देशों में से एक है। ईरान में 2024 में 901 लोगों को मौत की सजा दी गई। इनमें 31 महिलाएं भी शामिल हैं। पिछले साल दिसंबर महीने के एक हफ्ते में 40 लोगों को मौत की सजा सुनाई गई थी।*

*यूएन ह्यूमन राइट्स के मुताबिक पिछले साल जिन लोगों को फांसी दी गई, उनमें सबसे ज्यादा नशीली दवाओं और 2022 में महसा अमीनी की मौत के बाद देशभर में हुए प्रदर्शन से जुड़े थे।*

*ईरान में 9 साल की बच्चियों की भी दी जाती है फांसी*

*नाबालिगों को मौत की सजा न देने के यूनाईटेड नेशन कन्वेंशन को साइन करने के बावजूद ईरान उन टॉप देशों में शामिल है, जहां सबसे ज्यादा फांसी की सजा दी जाती है।*

# अमेरिका में TikTok बंद:17 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने बैन को मंजूरी दी थी, 2020 से भारत में बंद है ये एप




**वॉशिंगटन** TikTok ने अमेरिका में काम करना बंद कर दिया है। अब अमेरिका में लोग इस शॉर्ट-वीडियो प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। महीनों की कानूनी लड़ाई के बाद 17 जनवरी को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए TikTok पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक कानून को मंजूरी दी थी। एपल Hub ने बताया कि अमेरिकी एप स्टोर से Tiktok एप को रिमूव किया जा चुका है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका में TikTok यूजर्स को एप खोलने पर ये मैसेज दिखाई दे रहा है - 'अमेरिका में TikTok पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून लागू किया गया है। दुर्भाग्य से, इसका मतलब है कि आप अभी TikTok का इस्तेमाल नहीं कर सकते। हम भाग्यशाली हैं कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने संकेत दिया है कि वह कार्यभार संभालने के बाद TikTok को फिर से शुरू करने के सॉल्यूशन पर हमारे साथ काम करेंगे।' **अमेरिकी अधिकारियों ने TikTok के बारे में जताई थी चिंता** अमेरिकी अधिकारियों ने TikTok के बारे में चिंता जताई थी, उनका दावा है कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा करता है। अधिकारियों का मानना है कि चीनी सरकार इस एप का इस्तेमाल अमेरिकियों की जासूसी करने या गुप्त रूप से लोगों की राय को प्रभावित करने के लिए कर सकती है। FBI डॉयरेक्टर क्रिस्टोफर रे ने पिछले साल कांग्रेस को बताया था कि चीनी सरकार TikTok के सॉफ्टवेयर के माध्यम से अमेरिकियों के डिवाइस तक पहुंच सकती है। इन चिंताओं के कारण अमेरिकी कांग्रेस ने TikTok पर बैन करने वाले कानून पारित किया। राष्ट्रपति जो बिडेन ने अप्रैल 2024 में कानून पर साइन किया। इसके बाद TikTok की मूल कंपनी बाइटडांस ने कोर्ट में इस फैसले को चुनौती देने की भी कोशिश की, लेकिन उसमें वह बिफल रही। सुप्रीम कोर्ट ने 17 जनवरी को टिकटॉक की अपील को सर्वसम्मति से खारिज कर दिया, जिसके बाद आज यानी 19 जनवरी से अमेरिका में टिकटॉक ने काम करना बंद किया। **90 दिनों तक TikTok को बैन से राहत दे सकते हैं ट्रंप** NBC न्यूज को दिए इंटरव्यू में डोनाल्ड ट्रंप ने इस बात का संकेत दिया है कि वह चीनी एप टिकटॉक को राहत दे सकते हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने इंटरव्यू के दौरान इस बात को स्पष्ट किया था कि फिलहाल उन्होंने अभी इस बारे में कोई भी फैसला नहीं किया है। वह शॉर्ट वीडियो शेयरिंग प्लेटफॉर्म को दी गई समय सीमा को केवल अगले 90 दिनों तक बढ़ाने पर अभी विचार कर रहे हैं। अगर ट्रंप इस बारे में किसी आखिरी फैसले पर पहुंचते हैं तो वह सोमवार को इस बारे में ऐलान कर सकते हैं। **कल शपथ लेंगे डोनाल्ड ट्रम्प** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 20 जनवरी यानी कल राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले हैं। डोनाल्ड ट्रम्प शपथ ग्रहण के लिए राजधानी वॉशिंगटन पहुंच चुके हैं। डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति होंगे। भारत में टिकटॉक को 29 जून, 2020 को बैन कर दिया गया था। यह बैन, देश की राष्ट्रीय सुरक्षा और डिजिटल सुरक्षा को खतरा माने जाने के कारण लगाया गया था।

## रिपोर्ट- डोनाल्ड ट्रम्प शपथ ग्रहण के बाद चीन जाएंगे:चीनी राष्ट्रपति से कल फोन पर बात की; भारत के दौरे पर भी आ

***वॉशिंगटन*** *अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड शपथ लेने के बाद चीन के दौरे पर जाएंगे। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प, चीन के संबंधों को गहरा करने के लिए बीजिंग की यात्रा करना चाहते हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल के 100 दिनों के अंदर ही ये दौरा करने की इच्छा जताई है। ट्रम्प ने चुनाव प्रचार के दौरान चीन पर टैरिफ बढ़ाने की बात कही थी। इसके बाद से दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा है। ट्रम्प ने अपने शपथ ग्रहण के लिए जिनपिंग को आमंत्रित भी किया है। जिनपिंग ने उपराष्ट्रपति हान झेंग को शपथ ग्रहण में भेजने का फैसला किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रम्प ने भारत का दौरा करने को लेकर भी अपने सलाहकारों से बात की है। पिछले महीने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर की अमेरिकी यात्रा के दौरान, ट्रम्प के भारत दौरे को लेकर प्रारंभिक बातचीत भी हुई थी। बातचीत के बाद ट्रम्प ने कहा कि दुनिया को अधिक शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाने के लिए राष्ट्रपति शी और मैं हर संभव प्रयास करेंगे।*

*वॉल स्ट्रीज जर्नल के मुताबिक ट्रम्प ने चीन से फेंटानाइल की आपूर्ति करने वाले उत्पादकों पर सख्ती करने के लिए कहा है। दूसरी तरफ ट्रम्प चीनी आयात पर नए टैरिफ की योजना पर भी काम कर रहे हैं। बीजिंग में होने वाली ये बैठक ऐसे समय में होगी जब दुनिया की प्रमुख शक्तियों के बीच तनावपूर्ण संबंध बने हुए हैं। बीजिंग में होने वाली ये बैठक ऐसे समय में होगी जब दुनिया की प्रमुख शक्तियों के बीच तनावपूर्ण संबंध बने हुए हैं। डोनाल्ड ट्रम्प इस साल क्वाड देशों की बैठक के लिए भारत के दौरे पर आएंगे। भारत ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के नेताओं के साथ क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने वाला है।*

अलग पहचान
सत्य की उड़ान



# सही हेयर स्टाइल से बदलेगा लुक।

**खूबसूरती** बढ़ाने में बालों का भी अहम स्थान होता है। केवल हेयर स्टाइल में बदलाव करके भी आप अपने लुक को नया रुप दे सकती हैं। वहीं हमेशा हेयर स्टाइल बदलने की जगह सही हेयर कट को अपनाकर भी आप अपनी पर्सनैलिटी को अलग लुक दे सकती हैं। हेयर एंड ब्यूटी एक्सपर्ट के अनुसार अगर आप कामकाजी हैं तो आपको ऐसा हेयर कट करवाना चाहिए, जिसकी देखभाल आप खुद कर सकें। जैसे अगर लंबे बालों के साथ आप कई लेयर कट रखना चाहती हैं तो आपके लिए हर समय बाल खुले रख पाना संभव नहीं है। ऐसे में आपको फ्रंट कट और स्ट्रेट बाल रखने चाहिए,जिन्हें आप ज़रूरत पडने् पर बांध भी सकें।

चेहरा अगर हार्ट शेप का है तो इस पर फ्रेमिंग लेयर्स हेयर कट खूब अच्छा लगेगा। बाल लंबे हैं तो लेयर्ड वेव्स करवाएं, वहीं छोटे बालों के लिए बाउंसी बॉब कट फबेगा।

ओवल फेसकट के लिए आप शॉर्ट या लॉन्ग लेंथ दोनों ही रख सकती हैं। कामकाजी हैं तो ब्लंट कट कराने के बजाय लेयर या थ्री लेयर कराएं। बाल अगर हलके हैं तो ब्लंट कट करवाने से बचना चाहिए।

राउंड फेस पर थ्री स्टेप कटिंग ही करवाएं। इसकी लेयर्स की लेंथ चिन तक ही करवाएं। फ्रंट से छोटा न करवाएं।

किसी भी प्रकार के बालों और फेसकट के लिए यह साइड लेयर कट अच्छा लगता है। कर्ली और वेवी बालों पर भी यह स्टाइल जंचता है। इसके लिए बालों को वेट ड्रायर से सेट करें। ध्यान रखें, बालों को उसी ओर सेट करें, जो आप पर सूट करता हो। साइड लेयरिंग फेस को यंग लुक देने के साथ ही मॉडर्न भी बनाती है। बालों पर कलर हो तो लेयरिंग स्टाइल काफी स्टाइलिश लुक देगी। बालों की पोनी बनाकर क्लिप से इनको एक अलग अंदाज़ दिया जा सकता है।



बालों को शॉर्ट के साथ हेवी दिखाना चाहते हैं तो शैग हेयर कट करवाएं। इनमें कुछ बाल फोरहेड पर आते हैं, जिससे बालों को वॉल्यूम मिलता है। अगर बाल हलके हों तो इस कट को आज़माकर देखें।

# गर्भावस्था के दौरान प्लास्टिक बोतल से पानी न पीयें

**गर्भावस्था** के दौरान दौरान खराब क्वालिटी या बीपीए युक्त प्लास्टिक बोतल में पानी पीने वाली महिलाओं के होने वालों बच्चों को पेट की बीमारियां हो सकती हैं। प्लास्टिक में पाया जाने वाले बीपीए रसायन के कारण पेट में मौजूद अच्छे और बुरे जीवाणुओं का संतुलन बिगड़ जाता है। इसके अलावा यह लीवर में दर्द और कोलोन में सूजन का कारण बन सकता है।

शोधकर्ताओं का दावा है कि जन्म से पहले गर्भ में रहने के दौरान ही बच्चे खतरनाक रसायनों के संपर्क में आ सकते हैं। यहां तक कि जन्म के ठीक बाद भी मां के दूध से उनमें खतरनाक रसायन जा सकते हैं।

अध्ययनकर्ताओं के अनुसार जन्म लेने के ठीक बाद मां के दूध से रसायनों के संपर्क में आए बच्चों को आगे की जिंदगी में पेट से संबंधित परेशानियां हो सकती हैं.

दरअसल, बीपीए के नाम से प्रचलित बिस्फेनॉल ए एक तरह का औद्योगिक रासायन है, जिसे साल 1960 से प्लास्टिक बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है.

बीपीए प्लास्टिक के कई कंटेनरों और बोतलों में पाया जाता है. खासतौर सस्ते और खराब क्वालिटी वाले बोतलों में इसका मिलना आम है। शोध में दावा किया गया है कि ऐसे ऐसे प्लास्टिक के बर्तनों में रखा गया खाना आसानी से बीपीए रसायन को सोख लेता है।

अध्ययनकर्ताओं ने यह अध्ययन खरगोशों पर किया है।

अध्ययन के दौरान पाया गया कि जो खरगोश प्रेग्नेंसी के दौरान बीपीए रसायन के संपर्क में रहे या बीपीए से दूषित खाने व पानी का सेवन किया, उनके बच्चों में जन्म लेने के 7 दिनों बाद से ही पेट से संबंधित परेशानियां उत्पन्न होने लगीं।

शोधकर्ताओं ने अध्ययन से निष्कर्ष निकाला कि बीपीए एक्सपोज होने वाले बच्चों में गट बैक्टीरियल डिसबायोसिस विकसित हो जाता है, जिसके कारण उनके लीवर में दर्द, कोलोन सूजन आदि होता है।

इसलिए शोधकताओं ने गर्भवती महिलाओं को सुझाव दिया है कि वो खाना या पानी रखने के लिए ऐसी कंटेनर या बोतल का ही इस्तेमाल करें जो बीपीए मुक्त हों।



# त्वचा की समस्याओं से राहत के लिए करें ये उपाय

**गर्मियों** का मौसम अपने साथ स्किन (त्वचा) की कई समस्याओं को साथ लेकर आता है। गर्मियों की तेज चिलचिलाती धूम और गर्म हवाएं त्वचा को बुरी तरह नुकसान पहुंचाती हैं। गर्मी का मौसम शुरू होते ही कई लोगों में पिगमेंटेशन, सन बर्न, रैशेज की समस्या आम हो जाती है जिन लोगों की त्वचा संवेदनशील होती है, उनकी



त्वचा ज्यादा गर्मी पड़ने से झुलस जाती है और रंगत भी काली पड़ने लगती है। ऐसे में कुछ टिप्स अपना कर आप त्वचा संबंधित कई समस्याओं से बच सकती हैं।

1 मुंहासे- गर्मी के मौसम में ज्यादा पसीना आने से त्वचा के पोर्स में तेल और बैक्टीरिया जमा होने लगते हैं, जिससे मुंहासे निकलने लगते हैं। इससे बचने के लिए जरूरी है कि आप दिन में दो बार चेहरे को ठंडे पानी से जरूर धोएं।

2 ड्राई स्किन- गर्मी के मौसम में ज्यादा पसीना आने, एसी रूम में बैठने और स्विमिंग पूल में ज्यादा देर तक रहने से स्किन ड्राई हो जाती है। ड्राई स्किन की समस्या से बचने के लिए नियमित तौर पर मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल जरूर करें। ड्राइनेस से बचने के लिए माइल्ड फेस वॉश और माइल्ड साबुन का ही इस्तेमाल करें।

3 स्किन एलर्जी- कई लोगों को धूप में निकलने से स्किन एलर्जी हो जाती है। त्वचा पर लाल चकत्ते पड़ने लगते हैं, जिनमें खुजली भी होती है। इससे बचने के लिए जितना हो सके धूप में जाने से बचें। जब भी बाहर जाएं खुद को अच्छी तरह से कवर जरूर कर लें। ज्यादा एलर्जी होने पर डॉक्टर से संपर्क करना ना भूलें।

4 सनबर्न- गर्मी का मौसम शुरू होते ही अधिकतर लोगों को सनबर्न की समस्या सताने लगती है। सनबर्न से बचने के लिए धूप में निकलने से पहले सनस्क्रीन जरूर लगाएं। बता दें, सनस्क्रीन का असर दो घंटे तक ही रहता है। इसलिए धूप में निकलते वक्त इस बात का ध्यान जरूर रखें। गर्मियों में बाहर जाते समय ऐसे कपड़े ही पहनें, जिससे शरीर पूरी तरह ढक जाए।

# महिलाओं का वजन बढ़ने के कारण



**मोटापा** किसी के लिए भी समस्या होता है, चाहे महिला हो या पुरुष हो। खासकर देखा जाता है कि शादी के बाद महिलाओं में मोटापा आने लगता है। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि शादी से पहले लड़कियां को खुद को स्लिम-ट्रिम रखने की तमाम कोशिशें करती हैं लेकिन शादी के बाद उनका वजन बढ़ने लगता है। बढता हुआ वजन उनके लिए परेशानी बनने लगता है। शादी के बाद लड़कियों का वजन इसलिए बढ़ता है।

**हॉर्मोनल बदलाव**

शादी के बाद लड़कियों में हॉर्मोनल बदलाव होते हैं। वहीं परिवार नियोजन के लिए गर्भनिरोधक गोलियों का इस्तेमाल भी वजन बढ़ाता है।

**बदलती प्राथमिकता**

लड़कियों की शादी के बाद प्राथमिकताएं बदल जाती हैं। वो अपने पति और परिवार के सदस्यों के हिसाब से अपनी दिनचर्या बना लेती हैं। जिसके चलते खुद को समय नहीं दे पाती है और खयाल नहीं रख पाती है। इस कारण से भी वजन बढ़ता है।

**तनाव**

शादी के बाद लड़कियां अपना घर छोड़कर पति के घर जाती हैं। इस तरह दूसरे घर में एडजस्ट करना कठिन होता है। जिसके चलते तनाव होता है और लडकियों का वजन बढ़ाता है।

**सामाजिक दबाव**

शादी से पहले लड़कियां खुले माहौल में रहती हैं। वहीं, शादी के बाद ससुराल में कई तरह की जिम्मेदारी और सामजिक दबाव के चलते अपने स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही वजन बढ़ाने का कारण बनती हैं।

**गर्भावस्था**

शादी के बाद गर्भावस्था में वजन बढ़ना बहुत बड़ा कारण होता है। ऐसा देखा जाता है कि बच्चे को जन्म देने के बाद महिलाएं अपना वजन को कम करने की कोशिश नहीं करती हैं।

**फिटनेस को लेकर लापरवाही**

जो लड़किया शादी से पहले खुद को फिट रखने के लिए तमाम कोशिशें करती हैं लेकिन शादी के बाद व्यायाम आदि से ध्यान हट जाता है। जिसके चलते वजन बढ़ने लगता है।

**खानपान में बदलाव**

घरेलू कामकाज के चलते खाने पर ध्यान न देना और बाहर का खाना डायट में लेने से मोटापा बढ़ता है। बाहर के खाने के कारण लड़कियों के शरीर में कैल्शियम और विटमिन्स की कमी होने लगती है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ
कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो
कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** — का की कू घ ड छ के को हा
लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-3-6-7

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो
कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु तोड़-तोड़ करना पड़ेगाा। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-6-8-9

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे
रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-2-5-7

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो
ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। यात्रा का योग हैं। शुभांक-2-5-7

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते
विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। शुभांक-2-5-6

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू
कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे। शुभांक-2-6-8


**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जान-पहचान का दायरा बढ़ेगा। धन वृद्धि होगी। शुभांक-4-6-8

**मकर** — भे जा जी खी खू खे खो गा गी
जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-7-9

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा
लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। शुभांक-4-6-7


**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची
अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

## काकुरो पहेली - 3203




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए.किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



6+8+9=23
7+8+9=24
1+2+3+4+5=15
1+2+3+4+6=16

### काकुरो -3202 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

रमन (नरेश से)- तुम्हारी पत्नी रोजाना घर में इतनी? खिटपिट करती रहती है। तुम इतना तनावपूर्ण वातावरण को कैसे सह लेते हो?

नरेश (बड़े इत्मीनान से बोला)- दोस्त! ऑफिस एक ऐसा स्थान है, जहाँ आप घर के तनावों से मुक्ति पाकर विश्राम कर सकते हैं। और रोजाना मैं भी वही करता हूँ।

रमन-चमन आपस मे बातें कर रहे थे।

रमन (चमन से)- मेरी पत्नी दूसरी मंजिल से गिर गई।

चमन- क्या वह मर गई?

रमन- नहीं यार, यह तो अच्छा हुआ कि वह बाल-बाल बच गई।


चमन- अरे यार, तुम केवल बालों का क्या करोगे।

रमन (मित्र से)- 'यार तेरा हाथ कैसे फ्रैक्चर हो गया?'

चमन- 'कल मैं तेज मोटरसाइकल चलाकर घर आ रहा था, तभी सामने से एक ट्रक आ गया। मैंने ब्रेक मारा और...।'

रमन- 'उसने तुझे टक्कर मार दी।'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3203



**बायें से दायें:-**

१. फरदीन, करीना की अमिताभ बच्चन की शीर्षक भूमिका वाली फिल्म-२
२. 'चल दरिया में डूब' गीत वाली राजेश खन्ना, हेमा, मुमताज की फिल्म-२,३
६. करणनाथ, मनीषा, नतान्या की 'दिल तो उड़ने लगा' गीत वाली फिल्म-२
७. 'बाहर है प्रॉबलम' गीत वाली अमृता सिंह, अमिताभ, मीनाक्षी की फिल्म-३
८. अनिलकपूर, अक्षय, ऐश्वर्या की 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिलकपूर, माधुरी की फिल्म-३
११. जीतेंद्र, श्रीदेवी की 'गोरी तेरे अंग अंग में' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'बोल बेबी बोल' गीत वाली अनिलकपूर, मीनाक्षी की फिल्म-२,२
१६. बॉबी देओल, मनीषा, काजोल की 'दुनिया हसीनों का मेला' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'कोई माने या ना माने' गीत वाली फिरोजखान, रेखा की फिल्म-३
१९. देवआनंद, वहीदा की 'है अपना दिल तो आवारा' गीत वाली फिल्म-३,२
२३. 'गिर गया झुमका' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की फिल्म-३
२४. फिल्म 'तीसरी कसम' में राजकपूर के साथ नायिका कौन थी?-३
२५. प्राण, नवीन निश्चल, रेखा की 'ना सतरा से ऊपर' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'तुझे प्यार करते करते' गीत वाली अजय देवगन, जूही की फिल्म-४
२७. अजय देवगन, रानी मुखर्जी की 'ना ना मेहंदी ना मुझको लगाना' गीत वाली फिल्म-२,२

**ऊपर से नीचे:-**

१. संजीवकुमार, शबाना आजमी की फिल्म-३
२. देवआनंद, वहीदा रहमान की 'रंगीला रे तेरे रंग में' गीत वाली फिल्म-२,३
३. 'कितना बेचैन होके' गीत वाली आफ ताब, लिसा रे की फिल्म-३
४. फिल्म 'रफूचक्कर' में ऋषिकपूर के साथ नायिका कौन थी?-२,२
५. फिल्म 'छैला बाबू' में राजेश खन्ना के साथ नायिका कौन थी?-३
९. अमिताभ, रितिक, प्रीती जिंटा की 'अगर मैं कहूँ' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'तुम रूठ के मत जाना' गीत वाली भारतभूषण, मधुबाला की फिल्म-३
१३. किशोर कुमार, चाँद उस्मानी की 'छोटा सा घर होगा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'दिल मेरा अकेला' गीत वाली आमिर, फैजल, टिवंकल की फिल्म-२
१५. फरदीनखान, उर्मिला की 'दो प्यार करने वाले' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'तेरे प्यार का छाया नशा' गीत वाली आफताब, युक्ता मुखी की फिल्म-२
१९. फिल्म 'काश आप हमारे होते' का नायक कौन है?-२
२०. मिथुन चक्रवर्ती, टीना मुनीम की 'तुम सा नहीं देखा' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'ये लड़की जरा सी' गीत वाली कुमार गौरव, विजेयता पंडित की फिल्म-२,२
२२. मिथुन चक्रवर्ती, ऋतुपर्णा की 'गोरे रंग का जमाना' गीत वाली फिल्म-४
२३. 'मिर्ची ये मिर्ची' गीत वाली फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 3202

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ई | मि | ल | न | की | बे | ला | | शा |
| गा | | ल | | र्गि | | ना | | मि | ली |
| ज | मी | न | | स | न | म | | | मा |
| | ना | | सु | | गी | | पिं | ज | र |
| ज | | प | र | वा | न | | | ल्ला | |
| ग | द | र | | स्त | | दो | ब | द | न |
| ल | | ख | | व | ध | | ल | | व |
| | क | | ना | | न | ग | मा | | रं |
| श | ह | जा | दा | | वा | | | रं | ग |
| | र | | न | या | न | शा | | भा | |

## सूडोकु -3203


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | 9 | | 6 | 1 | | 8 |
| 6 | 8 | | | | | | | |
| | 1 | 7 | 3 | 8 | | 4 | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | | 9 |
| 5 | | 1 | 8 | | | 2 | | 7 |
| 2 | | | 5 | | 1 | | 8 | 4 |
| | | 3 | | 7 | 5 | 8 | 6 | |
| | | | | | | | 9 | 5 |
| 7 | | 6 | 2 | | 8 | | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3202 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 6 |
| 7 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 2 | 5 | 3 |
| 8 | 2 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 3 | 6 | 4 | 7 | 2 | 5 | 8 | 1 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 4 | 5 | 6 | 2 |
| 5 | 4 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |

## शब्द पहेली - 3203



**बाएँ से दाएँ**

1.शरीफ,नेकनीयत-5
4.जिसे सुनाई न दे-3
6.मां का भाई-2
7.एकमात्र,सिर्फ एक-3
8.अधिकार-2
10.सिर झुकाना-3
11.दुर्घटना-4
14.दूध फाड़कर बनाया जानेवाला पदार्थ-3
16.राजदार-4
17.राजा की पत्नी-2
18.वीज, वीर्य-2
19.मीठा पेय पदार्थ-4
21.पानी की बूंद-3
22.अवरोध,बाधा-4
24.मैला,अस्वच्छ-3
25.पानी,जल-2
27.पुत्र,लड़का-3
28.लाश,पार्थिव देह-2
29.थकावट-3
30.मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**

1.समाजवाद को माननेवाला अनुयायी-5
2.अस्थमा-2
3.राज्य,सल्तनत-4
4.तन,काया,देह-3
5.रास्ता,मार्ग-2
7.नखरा,भुगतान-2
9.डोली उठाने वाले-3
12.बिजली,विद्युत रश्मि-3
13.भद्रता,नेकनियत -4
15.कमल,पंकज-3
16.बुखरा,ज्वर ताप-4
17.आराम,मदद-3
18.घना वन-3
20.मन को भाने वाला -2,3
21.कथा,गाथा-3
22.कहासुनी-4
23.मनन करना-3
24.शराब-2
26.घोड़ागाड़ी-2
28.बढ़ावा देना-2

### शब्द पहेली -3202 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | रा | ह | ज | नी | | फि | स | ल | ना | |
| अ | | क | हा | र | | त | न | य | | बु |
| ह | क | | न | व | | र | म | | फ | न |
| म | म | ता | | ता | क | त | | चा | त | क |
| क | र | त | ब | | म | | त | ल | वा | र |
| | | | ल | ह | र | दा | र | | | |
| ला | व | ज | मा | | बं | | स | ह | ल | ज |
| ज | त | न | | म | द | द | | म | ग | न |
| वा | न | | क | न | | ह | म | | न | म |
| ब | | त | म | स | | ली | ट | र | | त |
| | मे | ह | रा | ब | | ज | र | ब | फ्त | |

अलग पहचान
सत्य की उड़ान



# गम में बदली मनु भाकर की खुशी, रोड एक्सीडेंट में परिवार को दो सदस्यों को खोया





**ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर के मामा और नानी की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। एक तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने उनकी स्कूटी को गलत दिशा से टक्कर मार दी। घटना चरखी दादरी में हुई, जहां दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मनु को दो दिन पहले ही खेल रत्न का अवॉर्ड मिला है।**

**नई दिल्लीः** ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। रविवार सुबह चरखी दादरी में एक सड़क दुर्घटना में उनके मामा और नानी की मौत हो गई। एक तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसा इतना भयानक था कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। कार चालक फरार हो गया, पुलिस उसकी तलाश कर रही है। मनु भाकर को हाल ही में राष्ट्रपति द्वारा खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस खुशी के कुछ दिन बाद ही उनके परिवार पर यह दुखद घटना घटी।

**ड्यूटी पर जा रहे थे मामा** रविवार सुबह मनु के मामा युद्धवीर अपनी मां सावित्री के साथ स्कूटी पर सवार थे। युद्धवीर हरियाणा रोडवेज में चालक थे और ड्यूटी पर जा रहे थे। सावित्री अपने छोटे बेटे के घर लोहारु चौक जा रही थीं। महेंद्रगढ़ बाईपास रोड पर कलियाणा मोड़ के पास एक तेज रफ्तार ब्रेजा कार ने गलत दिशा से आकर उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। युद्धवीर (50 वर्ष) और सावित्री (65 वर्ष) दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। ब्रेजा कार भी सड़क किनारे पलट गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस को सूचना मिलते ही वे घटनास्थल पर पहुंचे और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फरार चालक की तलाश जारी है। युद्धवीर और सावित्री भिवानी जिले के कलाली गांव के रहने वाले थे।

**मनु ने रचा था इतिहास** मनु भाकर ने पेरिस 2024 ओलंपिक में इतिहास रच दिया, वह स्वतंत्रता के बाद खेलों के एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनीं। उन्होंने व्यक्तिगत 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। वह ओलंपिक में मेडल जीतने वाली भारत की पहली महिला शुटर भी हैं। बाद में उन्होंने सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

# रिंकू सिंह या प्रिया सरोज में कौन हैं ज्यादा अमीर, जानें कितना है दोनों का कुल नेटवर्थ





**भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार क्रिकेटर रिंकू सिंह जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। रिंकू सिंह का उत्तर प्रदेश के मछली शहर की सांसद प्रिया सरोज से शादी तय हुई है। ऐसे में आइए जानते हैं रिंकू सिंह और और प्रिया सरोज में से कौन ज्यादा अमीर हैं।**

नई दिल्लीः भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार खिलाड़ी रिंकू सिंह की शादी तय हो गई है। रिंकू सिंह का रिश्ता उत्तर प्रदेश के मछली शहर की सांसद प्रिया सरोज से हुआ है। प्रिया के पिता तूफानी सरोज भी सांसद रह चुके हैं। ऐसे में रिंकू अब उन भारतीय क्रिकेटरों में शामिल हो गए हैं जिन्होंने पॉलीटिशन फैमिली में शादी किया है। रिंकू भारत के उभरते हुए क्रिकेटर हैं तो प्रिया सांसद के साथ-साथ पेशे से वकील भी हैं।

रिंकू सिंह फिलहाल इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज की तैयारी में हैं। इसके अलावा वह इंडियन प्रीमियर लीग में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलते हैं। केकेआर ने रिंकू को 13 करोड़ की बड़ी देकर रिटेन किया है। इससे पहले केकेआर से रिंकू को सैलरी के रूप में सिर्फ 55 लाख रुपए मिलते थे। ऐसे में आइए जानते हैं रिंकू सिंह और उनकी होने वाली सांसद पत्नी की कुल कितनी नेटवर्थ है और कौन कितना अमीर है। रिंकू सिंह उन भारतीय क्रिकेटरों में से एक हैं जिन्होंने गरीबी झेल कर कड़ी मेहनत के बाद सफलता हासिल की। एक समय ऐसा भी था जब रिंकू के पास जूते तक खरीदने के पैसे नहीं होते थे।

रिंकू के पिता घर-घर गैस सिलेंडर पहुंचाने का काम करते थे और उनका भाई ऑटो रिक्सा चलाते थे, लेकिन आज रिंकू ने अपनी मेहनत के दम पर ना सिर्फ अपने परिवार को गरीबी से निकाला बल्कि महल जैसा करोड़ों का घर भी खरीदा है। सपा सांसद प्रिया सरोज से इंगेजमेंट की अफवाह के बीच नोट बांटते वीडियो वायरल, रिंकू सिंह की दरियादिली तो देखिए ऐसे में रिंकू सिंह की नेटवर्थ की बात करें तो रिपोर्ट्स के मुताबिक वह 8 से 9 करोड़ के बीच है। रिंकू ने पिछले साल ही 3 करोड़ से ज्यादा की कीमत का एक आलीशान खरीदा है। इससे पहले रिंकू के पास इतना पैसा नहीं था।

रिंकू को केकेआर की तरफ आईपीएल 2025 के लिए 13 करोड़ की मोटी रकम मिली है। रिंकू की तुलना में अगर उनकी होने वाली पत्नी प्रिया सरोज की बात की संपत्ति के मामले में वह काफी कम है। रिंकू सिंह की होने वाली पत्नी प्रिया सरोज की संपत्ति की बात करें तो वह सिर्फ 11.25 लाख है जो कि रिंकू से काफी कम है। 2024 लोकसभा चुनाव में प्रिया के द्वारा दिए गए हलफनामे के अनुसार उनके पास दो अलग-अलग बैंक अकाउंट को मिलाकर 11.25 लाख रुपए हैं। ज्वैलरी के नाम पर उनके पास सिर्फ 32 हजार रुपए का गोल्ड है।

# ये 5 बदकिस्मत खिलाड़ी, घरेलू क्रिकेट में धूम मचाया फिर भी चैंपियंस ट्रॉफी टीम से बाहर

**आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है। रोहित शर्मा टीम के कप्तान बने हैं। टीम लगभग आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 की ही तरह है। इस टीम में घरेलू क्रिकेट में शानदार खेल दिखाने वाले कई खिलाड़ियों को मौका नहीं मिला है।**



पिछले कुछ समय से बीसीसीआई और टीम मैनेजमेंट खिलाड़ियों को घरेलू क्रिकेट में खेलने पर खूब जोर दे रहा है। इसका असर ये हुआ है कि रोहित शर्मा, शुभमन गिल यशस्वी जायसवाल और रविंद्र जडेजा जैसे खिलाड़ी रणजी ट्रॉफी के लिए उपलब्ध हैं। बीते शनिवार को चैंपियंस ट्रॉफी और इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए टीम ऐलान किया गया, लेकिन इस टीम में ऐसा कोई नाम शामिल नहीं है जिन्होंने हाल ही में घरेलू क्रिकेट में शानदार खेल दिखाया है। ऐसे में आइए जानते हैं उन पांच बदकिस्मत खिलाड़ियों के बारे में।

**विजय हजारे ट्रॉफी में करुण नायर ने बनाए 779 रन** भारतीय टीम के लिए टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक लगाने वाले करुण नायर लंबे समय से वापसी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। एक तरफ जब टीम चयन का मापदंड खिलाड़ियों के घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन पर रखा गया है, लेकिन इसके बावजूद नाइंसाफी देखने को मिलती है। उन्ही में एक नाम करुण नायर का है। करुण नायर ने हाल के घरेलू प्रतियोगिताओं में जमकर रन बरसाए। इसके कारण चैंपियंस ट्रॉफी और वनडे सीरीज के लिए उनके नाम की चर्चा भी हुई, बावजूद इसके करुण नायर को मौका नहीं मिला है। करुण नायर ने खास तौर से विजय हजारे ट्रॉफी में तो गदर ही मचा दिया। इस टूर्नामेंट में नायर ने 8 पारियों में 779 कूट दिए, जिसमें पांच शतक शामिल रहा। इस दमदार प्रदर्शन के बावजूद करुण को किसी भी टीम में नहीं लिया गया। ऐसे में चयनकर्ताओं से यह सवाल तो जरूर बनता है कि आखिरी करुण नायर की गलती क्या है। **विजय हजारे ट्रॉफी में मयंक अग्रवाल के नाम की भी रही धूम** भारतीय टीम के लिए अपना डेब्यू कर चुके और वापसी की कोशिश में लगे मयंक अग्रवाल के नाम पर भी चैंपियंस ट्रॉफी की टीम के लिए विचार नहीं किया गया। मयंक अग्रवाल ने भी विजय हजारे ट्रॉफी में कमाल का खेल दिखाया। मयंक ने इस प्रतियोगिता में टीम इंडिया के लिए 10 पारियों में चार शतक के साथ 651 रन बनाए, लेकिन इसका उन्हें कोई फायदा नहीं मिला और किसी भी टीम में उनके नाम पर विचार नहीं किया गया। **23 साल के सिद्धेश वीर ने बनाए 500 से ज्यादा रन** 23 साल के सिद्धेश वीर ने बनाए 500 से ज्यादा रन इस लिस्ट में महाराष्ट्र के एक ऐसे खिलाड़ी का नाम है जिन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी मे 500 से ज्यादा रन बनाए। खिलाड़ी का नाम सिद्धेश वीर। इस टूर्नामेंट में सिद्धेश वीर ने 9 पारियों में 520 रन बनाए। इस दौरान उन्होंने 2 शतकीय पारी खेली। इसके बावजूद चयनकर्ताओं का ध्यान इस युवा खिलाड़ी की तरफ नहीं गया। ऐसे में घरेलू क्रिकेट में रन बनाने के बावजूद अगर भारतीय टीम में मौका नहीं मिल पा रहा है तो फिर कहीं ना कहीं सिलेक्शन प्रोसेस पर सवाल उठना जरूरी है। **प्रभसिमरन भी दमदार खेल के बावजूद नहीं कर पाए प्रभावित** पंजाब के लिए घरेलू क्रिकेट खेलने वाले तूफानी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने भी विजय हजारे ट्रॉफी में कमाल का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में प्रभसिमरन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 8 पारियों में लगभग 85 की औसत से 498 रन बनाए।

# हार्दिक पांड्या के साथ हुआ खेल, रोहित के सामने गंभीर को माननी पड़ी हार, संजू का भी काम हुआ खराब

**आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया गया है। कप्तान रोहित शर्मा और अजीत अगरकर ने स्क्वाड की घोषणा की। टीम में रोहित शर्मा की कप्तानी बरकरार रखी गई जबकि शुभमन गिल को उप कप्तान बनाया गया है। वहीं गंभीर चाहते थे कि हार्दिक को ये जिम्मेदारी मिले।**



**नई दिल्लीः** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 और इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय क्रिकेट टीम का ऐलान कर दिया गया है। सिर्फ एक बदलाव के साथ इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में वही टीम खेलेगी जो चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुना गया है। रोहित शर्मा टीम के कप्तान हैं जबकि युवा खिलाड़ी शुभमन गिल को उप कप्तान बनाया गया है। ऐसे में यह माना जा रहा है कि शुभमन गिल रोहित शर्मा के उत्तराधिकारी होंगे। हालांकि, दैनिक जागरण की एक रिपोर्ट के मुताबिक कोच गौतम गंभीर नहीं चाहते थे कि शुभमन गिल को उप कप्तान की जिम्मेदारी दी जाए। इस तरह एक बार फिर से रोहित और गौतम गंभीर के बीच कड़वाहट की बातें होने लगी है। रिपोर्ट के मुताबिक गौतम गंभीर हार्दिक पांड्या को उप कप्तान बनाना चाहते थे, लेकिन रोहित शर्मा और मुख्य चयनकर्ता शुभमन गिल के नाम को प्रस्तावित किया। ऐसे में 2 घंटे से भी ज्यादा देर तक चली मीटिंग में शुभमन गिल के नाम पर मुहर लगाई गई। बता दें कि हार्दिक पांड्या टी20 विश्व कप पहले तक टीम इंडिया की कप्तानी के प्रबल दावेदार थे। रोहित के साथ वह टीम की उप कप्तानी करते थे, लेकिन टी20 विश्व कप के बाद रोहित ने हार्दिक की जगह सूर्यकुमार यादव को इस फॉर्मेट में कप्तान बनने के लिए समर्थन किया था। इस तरह हार्दिक कप्तानी की रेस से बाहर हो गए।

अजीत अगरकर ने बुमराह की फिटनेस पर दिया सबसे बड़ा अपडेट, क्या चैंपियंस ट्रॉफी में खेल पाएंगे? **संजू सैमसन के भी सपोर्ट में थे गौतम गंभीर** रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हार्दिक पांड्या के अलावा वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी में संजू सैमसन के नाम भी चर्चा हुई थी। गौतम गंभीर मुख्य विकेटकीपर के तौर पर ऋषभ पंत की जगह संजू सैमसन को टीम में रखना चाहते थे, लेकिन कप्तान रोहित शर्मा चाहते थे कि ऋषभ पंत को ही वनडे में मौका दिया जाए जबकि बैकअप के रूप में केएल राहुल टीम में रहेंगे। सरदार खुश हुआ... शुभमन गिल को मिली उप कप्तानी तो गदगद हुए युवराज सिंह के पापा, कह दी ये बात हालांकि, ऐसा भी माना जा रहा है कि संजू सैमसन विजय हाजरे ट्रॉफी में नहीं खेले थे, इस वजह से वनडे सीरीज में उन्हें शामिल नहीं किया गया है इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में संजू सैमसन स्क्वाड में शामिल किए गए हैं। **भारतीय क्रिकेट टीम का स्क्वाड** चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम- रोहित शर्मा (कप्तान),शुभमन गिल (उपकप्तान) विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, शमी, अर्शदीप सिंह, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, रविंद्र जडेजा। वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम- रोहित शर्मा (कप्तान),शुभमन गिल (उपकप्तान) विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी

# भारतीय टीम में ईशान किशन को नहीं मिली जगह तो शुरू कर दिया अपना स्टार्टअप!




**भारतीय क्रिकेट टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए अपने स्क्वॉड की घोषणा कर दी है। विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन को दोनों में से किसी भी टीम में जगह नहीं मिली। ऐसे में टीम की घोषणा के एक दिन बाद ही ईशान ने अपने स्टार्टअप के बारे में जानकारी दी है।**

नई दिल्लीः विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन को एक बार फिर से भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया है। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार को मुंबई में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम की घोषणा की, लेकिन दोनों ही टीमों में उनका नाम नहीं है। ईशान किशन 2023 के बाद से ही टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। इस दौरान वे घरेलू क्रिकेट में लगातार अपना दम दिखा रहे हैं, लेकिन नेशनल टीम में उनकी वापसी नहीं हो पाई है। हालांकि, ईशान ने उम्मीद नहीं छोड़ी है, लेकिन इसी बीच उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर एक बड़ी जानकारी साझा की है। दरअसल ईशान ने एक स्टार्टअप शुरू किया है। उनका ये स्टार्टअप क्रिकेट एकेडमी है। ईशान किशन ने अपने होमटाउन बिहार की राजधानी पटना में द ईशान किशन के नाम से क्रिकेट एकेडमी की शुरुआत की है। ईशान ने अपने सोशल मीडिया पर स्टोरी शेयर कर लिखा, 'अपने होमटाउन में मेरी एक नई शुरुआत है।' बता दें कि ईशान किशन एकेडमी से बिहार के युवा क्रिकेटरों को काफी मदद मिल सकती है। ईशान किशन खुद इंटरनेशनल लेवल पर अपने दमदार खेल से धूम मचा चुके हैं। ऐसे में ईशान किशन के अनुभव और निगरानी में उभरते हुए क्रिकेटरों को और बेहतर बनने का एक शानदार मौका है। खास तौर से बिहार के दूरदराज के इलाकों से आने वाले क्रिकेटरों के लिए एक बढ़िया प्लेटफॉर्म होने वाला है। 5 बदकिस्मत खिलाड़ी जिन्हें चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में नहीं मिली जगह, कर दिए नजरअंदाज आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में जिस खिलाड़ी की चर्चा थी उसमें संजू सैमसन का नाम भी शामिल था, लेकिन उनकी बदकिस्मती रही की उन्हें टीम में शामिल नहीं किया गया। कई रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया जा रहा है कि उन्हें विजय हजारे ट्रॉफी में नहीं खेलने की सजा मिली है। वहीं एक दूसरा पहलू ये भी है कि ऋषभ पंत टीम के मुख्य विकेटकीपर होंगे और बैक अप के रूप में केएल राहुल का होना तय है। इस वजह से भी संजू सैमसन का चैंपियंस ट्रॉफी से पत्ता कटा है।

संजू के साथ-साथ ईशान किशन भी बदकिस्मत रहे। वनडे में दोहरा शतक लगा चुके ईशान किशन टीम इंडिया के लिए एक बेहतर विकल्प हो सकते थे।

# इरिट्रिया के बेरहेन टेस्फे और केन्या की चेपकेमोई टेली जीता मुंबई मैराथन का खिताब, प्राइज मनी में मिली



**मुंबई मैराथन में इरिट्रिया के बेरहेन टेस्फे ने पुरुष वर्ग में और केन्या की जॉयस चेपकेमोई टेली ने महिला वर्ग में खिताब जीता। टेस्फे ने 2 घंटे 11 मिनट और 44 सेकंड में 42.195 किमी की दूरी पूरी की। विजेता एथलीटों को 50-50 हजार अमेरिकी डॉलर इनामी राशि के रूप में मिले।**

मुंबईः इरिट्रिया के बेरहेन टेस्फे ने रविवार मुंबई मैराथन में पुरुष वर्ग का खिताब अपने नाम कर लिया। वहीं महिला कैटेगरी की बात करें तो केन्या की जॉयस चेपकेमोई टेली ने जीत हासिल की। टेस्फे ने 42.195 किमी की दूरी को पूरा करने के लिए दो घंटे 11 मिनट और 44 सेकंड का समय लिया। यह उनका पहला फुल मैराथन खिताब भी है। मुंबई मैराथन वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रोड रेस है। **दूसरे नंबर पर भी इरिट्रियाई एथलीट** अफ्रीका के छोटे से देश इरिट्रिया के धावकों ने पुरुष वर्ग में पहले दो स्थान हासिल किए। टेस्फे के हमवतन मेरहावी केसेटे 2:11:50 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे। इथियोपिया के टेस्फाये डेमेके (2:11:56) ने तीसरा स्थान हासिल किया। पहली बार किसी इरिट्रिया के एथलीट ने मुंबई मैराथन को जीता है। यह एशिया की सबसे बड़ी मैराथन होने के साथ-साथ महाद्वीप की सबसे बड़ी जन भागीदारी वाली खेल प्रतियोगिता भी है। इस बीच टेली ने 2:24:56 का समय लेकर महिलाओं का एलीट खिताब जीता। 2017 के बाद केन्या की एथलीट ने इस इवेंट में पहला स्थान हासिल किया। बहरीन की शिताये एशेते (2:25:29) दूसरे और इथियोपिया की मदीना डेमे आर्मिनो (2:27:58) तीसरे स्थान पर रही। भारतीय खिलाड़ियों में अनीश थापा (2:17:23) पुरुष वर्ग में पहले स्थान पर रहे। निरमाबेन ठाकोर (2:50:06) महिला वर्ग में अपना खिताब बचाने में सफल रही।

भारी भरकम प्राइज मनी मिली

मुंबई मैराथन के पुरुष और महिला इवेंट की विजेता को प्राइज मनी के रूप में भारी रकम मिली। दोनों कैटेगरी के विजेताओं को 50-50 हजार अमेरिकी डॉलर यानी करीब 43 लाख रुपये मिले। दूसरे नंबर वाले को 25-25 हजार डॉलर जबकि तीसरे नंबर के एथलीट को 15 हजार डॉलर की इनामी राशि मिली। वहीं भारतीय एथलीड में पहले नंबर पर रहने वाले को 5 लाख रुपये मिले।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अन्नपूर्णा गुप्ता द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस प्लॉट नं 0535 एवं 1272 खलखुटवा रातू रोड पुलिस स्टेशन रांची में विजय जनरल स्टोर किन्नू चौक रांची 834002 से प्रकाशित
प्रधान संपादक अन्नपूर्णा गुप्ता कार्यालय फ़ोन नं ,651-2253830 ,9471717919, 9123244805 RNI NO JHAHIN / 2013/66670